इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -58 राजनांदगांव, शनिवार 13 जनवरी 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# पीएम मोदी ने देश के सबसे लंबे सी-ब्रिज अटल सेतु का उद्घाटन किया



**21.8 किमी. लंबा ब्रिज मुंबई-नवी मुंबई को जोड़ेगा; 2 घंटे का सफर 20 मिनट में पूरा होगा**

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश के सबसे लंबे सी-ब्रिज अटल सेतु का उद्घाटन किया। यह ब्रिज मुंबई से नवी मुंबई को जोड़ेगा। इससे दो घंटे की दूरी सफर 20 मिनट में पूरा होगा। दिसंबर 2016 में मोदी ने इस पुल की आधारशिला रखी थी। पुल की कुल लागत 17 हजार 843 करोड़ रुपए है। 21.8 किलोमीटर लंबे सिक्स लेन वाले ब्रिज को मुंबई ट्रांस हार्बर सी-लिंक भी कहा जाता है।

पुल का 16.5 किलोमीटर का हिस्सा समुद्र पर है, जबकि 5.5 किलोमीटर का हिस्सा जमीन पर है। इस पुल की क्षमता रोजाना 70 हजार वाहनों की है। फिलहाल ब्रिज से रोज करीब 50 हजार वाहनों के गुजरने का अनुमान है। एमटीएचएल की वेबसाइट के मुताबिक, पुल के उपयोग से हर साल एक करोड़ लीटर ईंधन की बचत होने का अनुमान है। यह रोजाना 1 करोड़ ईव्ही से बचने वाले ईंधन के बराबर है। इसके अलावा प्रदूषण के स्तर में कमी आने से लगभग 25 हजार 680 मैट्रिक टन सीओ-2 उत्सर्जन भी कम होगा। पुल को बनाने में 1.78 लाख मीट्रिक टन स्टील और 5.04 लाख मीट्रिक टन सीमेंट का उपयोग किया गया है। ब्रिज पर 400 सीसीटीव्ही कैमरे लगाए गए हैं। पक्षियों और समुद्री जीवों की सुरक्षा के लिए ब्रिज पर साउंड बैरियर और एडवांस लाइटिंग की गई है। ब्रिज की लाइफ 100 साल होगी।

### मुंबई और नवी मुंबई के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी

अभी तक मुंबई से नवी मुंबई जाने के लिए वाशी मार्ग होते हुए सानपाड़ा हाईवे से गुजरना पड़ता था। इससे यात्रा में कम से कम 2 घंटे लगते थे, लेकिन अटल सेतु की वजह से यह यात्रा अब 20 मिनट में पूरी हो जाएगी। इसके अलावा मुंबई से पुणे, गोवा और साउथ इंडिया जाने के लिए भी कम समय लगेगा। अटल सेतु सेवरी मडफ्लैट्स, पीर पाउ जेट्टी और ठाणे क्रीक चैनलों के ऊपर से गुजरेगा। यह मुंबई में सेवरी को नवी मुंबई में चिरले से जोड़ेगा। सेवरी छोर पर, एमटीएचएल सेवरी-वर्ली एलिवेटेड कॉरिडोर और ईस्टर्न फ्रीवे से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### बाइक-रिक्शा बैन, 4 व्हीलर की मैक्सिमम स्पीड 100 किमी प्रतिघंटा

लोगों की सुरक्षा को देखते हुए कुछ जरूरी गाइडलाइन भी जारी की गई हैं। इसके तहत ब्रिज पर मोटरसाइकिल, मोपेड, तिपहिया वाहन, ऑटो और ट्रैक्टर नहीं चलेंगे। फोर-व्हीलर, मिनी बस और टू-एक्सेल व्हीकल की मैक्सिमम स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। ब्रिज की चढ़ाई और उतार पर स्पीड 40 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा नहीं होगी। पुल पर एक तरफ का टोल 250 रुपए प्रति कार तय किया गया है। वहीं दोनों तरफ का टोल 375 रुपए प्रति कार होगा। मासिक पास टोल राशि का 50 गुना होगा।

# इंफाल की जगह थौबल से शुरू होगी राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा, खरगे यात्रा को दिखाएंगे हरी झंडी



इंफाल। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत मणिपुर के थौबल स्थित एक निजी मैदान से होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना करेंगे। मणिपुर से 14 जनवरी को यात्रा शुरू होकर 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी।

यह 15 राज्यों से गुजरेगी। 67 दिनों की यात्रा के दौरान 6713 किलोमीटर तय किया जाएगा। पहले यह यात्रा मणिपुर की राजधानी इंफाल से शुरू होने वाली थी। कांग्रेस ने कहा कि भीड़ सीमित रखने की शर्त पर यात्रा स्थल में बदलाव करना पड़ा। मणिपुर के कांग्रेस अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने कहा कि दो जनवरी को सरकार से इंफाल के हप्ता कांगजीबुंग मैदान से यात्रा निकालने की अनुमति मांगी गई थी।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने सीएम से मुलाकात की थी

मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से इसे लेकर 10 जनवरी को मुलाकात भी की गई, लेकिन कहा गया कि अनुमति नहीं दी जाएगी। बाद में यात्रा की अनुमति दे दी गई, लेकिन शर्त यह रखी गई कि इसमें सीमित संख्या में ही लोग शामिल हो पाएंगे। मेघचंद्र ने कहा कि उन्होंने इसे लेकर मुख्य सचिव से भी मुलाकात की, लेकिन कहा गया कि यात्रा स्थल पर एक हजार से अधिक लोग नहीं होंगे।

### यात्रा को लेकर कांग्रेस ने जारी किया गाना

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए शुक्रवार को कांग्रेस ने गाना जारी किया है। इसका टैगलाइन सहो मत, डरो मत है। इसे वीडियो के साथ पार्टी के इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म अकाउंट पर साझा किया गया है। इसमें महिला पहलवान, राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा से जुड़े कुछ अंश और कांग्रेस नेताओं को किसानों और मजदूरों से मिलते दिखाया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आज इंडिया गठबंधन की होगी अहम बैठक



नयी दिल्ली। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की शनिवार को महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई जिसमें जनता दल (यूनाइटेड)के नेता नीतीश कुमार को संयोजक और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गठबंधन का अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

सूत्रों के अनुसार बैठक सुबह 11.30 बजे होगी। बर्चुल आधार पर हो रही इस बैठक में राष्ट्रवादी कांग्रेस के शरद पवार, डीएमके के एम के स्टालिन सहित कई प्रमुख नेताओं के भाग लेने की संभावना है जिसमें श्री कुमार को संयोजक और श्री खड़गे को अध्यक्ष बनाए जाने के साथ ही सीटों के बंटवारे को लेकर भी रणनीति पर विचार किया जा सकता है। गठबंधन की अब तक पटना, बेंगलुरु, मुंबई और दिल्ली में बैठक हो चुकी है। यह पहली बैठक है जो ऑन लाइन की जा रही है और इसमें अहम फैसले होने की संभावना जताई जा रही है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक की अध्यक्षता वाली पार्टी की राष्ट्रीय गठबंधन समिति की अब तक कई घटक दलों के नेताओं के साथ बैठक हो चुकी है। शनिवार की बैठक में इस मुद्दे पर अहम चर्चा होने की भी उम्मीद जताई जा रही है।

# प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पायलट ने दी नसीहत, कहा- पक्षपात और नाराजगी दूर करें



रायपुर। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने शुक्रवार को राजीव भवन में चुनाव समिति की मैराथन बैठक ली। बैठक के दौरान पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की रणनीति पर बात की गई। यहां स्पष्ट रूप से कहा गया कि पार्टी में पक्षपात नहीं होनी चाहिए। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की नाराजगी दूर करने की जिम्मेदारी चुनाव समिति के पदाधिकारी की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जीतने वाले प्रत्याशियों पर दांव लगाएंगे। छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों पर वर्तमान में कांग्रेस की दो सीटें ही है। इसलिए सभी बड़े पदाधिकारी लोकसभा की तैयारियों के लिए सतर्क हो जाए।

बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं की नाराजगी के संबंध में चुनाव समिति के सदस्यों से चर्चा की गई। पायलट ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में काम करने वाले कार्यकर्ता यदि नाराज हैं, तो उनकी शिकायतों को दूर करना हमारी जिम्मेदारी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत, संयुक्त सचिव एवं सह प्रभारी विजय जांगिड़, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, पूर्व मंत्री मो. अकबर, पूर्व मंत्री डा. शिवकुमार डहरिया, पूर्व मंत्री एवं विधायक अनिला भेड़िया, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व कार्य.प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ला आदि।

### विधानसभावार बनेगी कमेटी

पायलट ने लोकसभा चुनाव में युवाओं पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी है। बैठक में पायलट ने सभी नेताओं से चर्चा की। अंतर्कलह पर सभी से एकजुट रहने की सलाह दी। उन्होंने विधानसभा वार कोआर्डिनेशन कमेटी बनाने के निर्देश दिए हैं, ताकि हर विधानसभा में नाराजगी को दूर किया जा सके।

### राम मंदिर पर विवादित बयान न दे

पायलट ने चुनाव समिति व अन्य पदाधिकारियों को श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के संबंध में विवादित बयान देने से मनाही की है। पदाधिकारियों को कहा गया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देशों के मुताबिक ही निर्णय लिया जाएगा। पदाधिकारियों को किसी भी विवादित बयान से बचना होगा।

### संगठन में नई नियुक्तियां भी

प्रदेश कांग्रेस मीडिया में विकास तिवारी को कांग्रेस का वरिष्ठ प्रवक्ता बनाया गया है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नियुक्ति आदेश जारी कर दिया है। वहीं पूर्व मंत्री शिव डहरिया को राहुल गांधी के भारत जोडो न्याय यात्रा के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है।

# जो आस्था रखते हैं वो कभी भी जा सकते है : राम मंदिर का न्योता ठुकराने के बाद मल्लिकार्जुन खरगे



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि जो भी आस्था रखते हैं वो किसी भी दिन अयोध्या जा सकते हैं. उन्होंने इस बात पर भर जोर दिया कि कांग्रेस, भाजपा की साजिश में आने वाली नहीं है और बेरोजगारी के मुद्दे को उठाती रहेगी. खरगे ने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए जो निमंत्रण मिला है वो व्यक्तिगत था और वह इस बारे में बात करेंगे.

उनका कहना था, ''जो आस्था रखने वाले लोग हैं, वो आज, कल या परसो, जब चाहें (अयोध्या) जा सकते हैं. मैंने यह बात पहले ही स्पष्ट की थी...यह भाजपा की एक साजिश है और वह इस विषय को लेकर बार-बार वार रही है कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी ने किसी धर्म या धर्मगुरु को कभी दुख नहीं पहुंचाया है. खरगे ने कहा, ''हमारे मुद्दे केवल ये हैं कि मोदी सरकार ने बेरोजगार युवाओं के लिए क्या काम किया, महंगाई के बारे में क्या कदम उठाए ?

### सीमा पर चीनी घुसपैठ पर क्या बोले?

उन्होंने दावा किया, हमें दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्ग और समाज के ग़रीब तबके की चिंता है, जो भाजपा को नहीं है.

### कांग्रेस नेताओं ने निमंत्रण किया था अस्वीकार

भाजपा ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए कांग्रेस के तीन शीर्ष नेताओं को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पश्चिम बंगाल में ईडी की बड़ी कार्रवाई: ममता बनर्जी के दो मंत्रियों के ठिकानों पर की छापामारी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल में आज फिर ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। ममता के दो मंत्रियों सुजीत बोस और तापस रॉय के ठिकानों पर आज ईडी ने छापामारी की है। ईडी ने इसी के साथ उत्तरी दमदम नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष सुबोध चक्रवर्ती के आवास पर भी छापेमारी की। ईडी ने कथित नगर निगम नौकरी घोटाला मामले के सिलसिले में कोलकाता में बंगाल के नेताओं के आवास पर सुबह-सुबह छापेमारी की है।

बता दें कि कुछ दिन पहले ही राशन घोटाले में छापामारी के दौरान ईडी के अधिकारियों पर हमला किया गया था। हमले में कई अधिकारियों को चोट भी आई थी और गाड़ियों के शीशे भी फोड़े गए थे। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ममता सरकार से रिपोर्ट भी तलब की थी। ईडी ने इससे पहले टीएमसी नेता शाहजहां शेख के आवास पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ही ईडी की टीम पर शाहजहां के समर्थकों द्वारा हमला बोल दिया गया था। हमले में कई अधिकारियों को तो गंभीर चोट भी आई थी और कई अधिकारियों का सिर भी फोड़ दिया गया था। हमले के बाद ईडी ने बंगाल में एफआईआर भी दर्ज कराई थी और अपनी रिपोर्ट में कहा था कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)






# कोयला घोटाला: आरोपियों को जेल और अस्पताल में मिल रहा व्हीआईपी ट्रीटमेंट- ईडी

रायपुर। ईडी की टीम ने कोयला घोटाले में जेल में बंद कारोबारी सुनील अग्रवाल व एक अन्य आरोपी को सेंट्रल जेल से हटाकर अन्य जेल में शिफ्ट करने की मांग कोर्ट से की है।

दरअसल ईडी का आरोप है कि जेल में दोनों आरोपियों को तमाम तरह की सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इतना ही नहीं उपचार के नाम पर भी अस्पताल में उन्हें व्हीआईपी ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। बता दें कि ईडी की टीम ने दावा किया है कि उनके पास कई ऐसी तस्वीरें हैं जिनके आधार पर ईडी का मानना है कि अस्पताल में उन्हें किसी सामान्य कैदी की तरह न रख कर उन्हें अलग से प्राइवेट रूम दिया गया है। जहां दोनों ही आरोपियों को एसी, टीवी समेत कई तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि




**० प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को ऋण राशि का चेक किया गया वितरित**
**० 20 युवाओं को 'टेक्नोटॉस्क' बीपीओ में प्रदान किया गया नियुक्ति पत्र**

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद सरोवर उद्यान में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने यहां स्थित आदिवासियों के आराध्य आदिशक्ति बूढ़ादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की।

मुख्यमंत्री ने इस उद्यान में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर रायपुर सांसद सुनील सोनी, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू और रामकृष्ण मिशन स्वामी विवेकानंद आश्रम रायपुर के स्वामी अव्ययात्मानन्द, स्वामी प्रपत्यानन्द, स्वामी देवभावानन्द भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर 20 युवाओं को कलेक्टोरेट मल्टीलेवल पार्किंग स्थित बीपीओ सेंटर से संबद्ध निजी कंपनी टेक्नोटॉस्क के जॉब ऑफर लेटर (नियुक्ति पत्र) और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के पांच हितग्राहियों को व्यवसाय के लिए 10-10 हजार रूपए ऋण राशि के चेक वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अवसर पर स्टार्टअप कंपनी 'सोशियो सेलर' प्रारंभ करने वाले युवा श्री ललित को सम्मानित किया। युवा महोत्सव के अवसर पर जिला प्रशासन रायपुर द्वारा एमपी पॉली प्रिंट एंड पैक संस्थान में 30 युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया। ये युवा संस्थान में सुपरवाइजर तथा अन्य स्टॉफ के रूप में कार्य करेंगे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# महादेव एप सट्टेबाजी में दो और आरोपित गिरफ्तार, 17 तक ईडी की रिमांड पर




रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को महादेव सट्टा एप मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर ईडी की विशेष कोर्ट में पेश किया। दोनों को न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने 17 जनवरी तक ईडी की रिमांड पर सौंपा है। आरोपितों में रायपुर निवासी अमित अग्रवाल और मूलतः कोलकाता के नवीन उर्फ नितिन टीबरवाल शामिल हैं।

ईडी के विशेष लोक अभियोजक डा. सौरभ कुमार पांडेय ने बताया कि महादेव एप सट्टेबाजी मामले की जांच में अमित अग्रवाल और नवीन टीबरवाल के नाम सामने आए थे। दोनों सट्टेबाजी में लाखों रुपये लगाने का काम कर रहे थे। ठोस सबूत मिलने पर दोनों को समन जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया गया था।

### पांच दिन की रिमांड पर भेजा गया

ईडी के दफ्तर में पहुंचे दोनों आरोपितों से घंटों पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर विशेष न्यायधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में पेश किया गया। सट्टेबाजी से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जानकारी लेने के

# 2023 में जी.एस.टी. चोरी के कुल 6323 मामले पकड़ाएं

**दो लाख करोड़ की जी.एस.टी. चोरी का पर्दाफाश**




नई दिल्ली। जी.एस.टी. इन्टेलिजन्स यूनिट ने 2023 में 1.98 लाख करोड़ रूपए से अधिक की जीएसटी चोरी पकड़ी है। इस संदर्भ में 140 मास्टर माइन्ड को गिरफ्तार किया है, यह जानकारी वित्त मंत्रालय ने दी है।

2023 में डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ जीएसटी इन्टेलिजन्स (डीजीजीआई) ने आन लाईन गेमिंग, केसिनो, इंश्योरेंस और मानवशक्ति सेवाओं की आयात सहित के विविध सेक्टर्स में बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी का पर्दाफाश किया है।

मंत्रालय ने कहा है कि डी जी आई के द्वारा पकड़ी गई जी.एस.टी. चोरी के केसों में बड़े पैमाने में वृद्धि देखने को मिली है। 2023 में डी जी जी आई ने जी.एस.टी. चोरी के कुल 6323 केसों का पर्दाफाश किया है।

2023 में जी.एस.टी. चोरी में लिप्त 140 मास्टर मांइड को गिरफ्तार किया गया है। यद्यपि, 2023 में 28,362 करोड़ रूपयों की स्वैच्छिक भुगतान किया गया था।

2022 की बात करें तो जी.एस.टी. चोरी के कुल 4273 केस पकड़े गए थे। जिसमें कुल 4273 मामले पकड़े गए थे। जिसमें कुल 90, 499 करोड़ रूपए की जीएसटी चोरी की गई थी। इस संदर्भ में 97 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। 22,459 करोड़ रूपयों का स्वैच्छिक भुगतान किया गया था।

मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वार्षिक स्तर पर जीएसटी चोरी की राशि में 119 फीसदी की वृद्धि और स्वैच्छिक भुगतान में 26 फीसदी की वृद्धि देखने को मिली है।

इनपुट टैक्स क्रेडिट (आई.टी.सी.) के बोगस दावा को पकड़ने के लिए डी जी जी आई ने विशेष अभियान शुरू किया है। इसके लिए बोगस आई.टी.सी. क्लेम के द्वारा सरकारी तिजौरी को नुकसान पहुंचाने वालों को पकड़ा जा रहा है।

इस अभियान के नक्शे कदम पर आई.टी.सी. चोरी के 2335 मामलों को पकड़ा गया है। इस केसों में कुल 21878 करोड़ रूपयों की आई.टी.सी. चोरी पकड़ी गई थी और 2642 करोड़ रूपयों का स्वैच्छिक भुगतान किया गया था। इस संदर्भ में 116 मास्टर माइंड को गिरफ्तार किया गया था।

2022 की बात की जावे तो आई.टी.सी. चोरी के 1646 केस पकड़े गए थे। इस केसों में कुछ 14471 करोड़ रूपयों की आई.टी.सी. चोरी की गई थी और 1604 करोड़ का स्वैच्छिक भुगतान किया गया था। इस संदर्भ में 82 मास्टर माइंड को गिरफ्तार किया गया था।

# भारतीय वायुसेना के मालवाहक विमान का मलबा मिला, आठ साल पहले बंगाल की खाड़ी में हुआ था गायब; सवार थे 29 लोग

नई दिल्ली। करीब साढ़े सात साल बाद भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के एक मालवाहक विमान का मलबा मिला है। यह मलबा बंगाल की खाड़ी में करीब 3.4 किलोमीटर की गहराई पर पाया गया। 22 जुलाई 2016 को विमान जब लापता हुआ था, तब उसमें चालक दल के छह सदस्यों समेत 29 लोग सवार थे।

### तैनात किया गया था एयूवी

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा एक ऑटोनॉमस अंडरवाटर व्हीकल (एयूवी) तैनात किया गया था। उसके द्वारा हाल ही में ली गई तस्वीरों की जांच की गई। जिसमें पाया गया कि यह मलबा मालवाहक विमान एएन-32 का है। मलबा चेन्नई तट से 310 किलोमीटर की दूरी पर है।



# मकर संक्रांति से मलमास की समाप्ति, जमकर गूंजेगी शहनाईयां

राजनांदगांव (दावा)। मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को मनाया जाना है। इसके साथ ही पुनः शुभ एवं मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो जाएगी। शादी ब्याह का मौसम एक बार फिर से शुरू होने से बाजार में खरीदारी बढ़ जाएगी। इससे बाजार एक बार फिर गुलजार हो उठेगा। बता दे कि गत वर्ष 16 दिसम्बर से नए वर्ष के 15 जनवरी तक मलमास का महिना चल रहा है।

सूर्य के धनु राशि में प्रवेश के साथ ही उक्त महिना लगा हुआ था। मलमास के लगे रहने से शुभ एवं मांगलिक कार्यों की वर्जना रहती है। सो वैवाहिक आयोजनों सहित अन्य गृह प्रवेश, नए दुकान, प्रतिष्ठान शुभारंभ अलावा अन्य शुभ कार्यों में विराम लगा रहा। अब 15 जनवरी मकर संक्रांति से पुनः शुभ एवं मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो जाएगी।

### सूर्य का मकर राशि में प्रवेश

शहर के ज्योतिर्विद पतजलि बाजपेयी ने बताया कि 15 जनवरी की रात्रि 2 बजकर 54 मिनट पर सूर्य मकर राशि में प्रवेश कर रहा है। इसके साथ ही अंचल में शुभ कार्यों की शुरूआत हो जाएगी। मलमास का महिना खत्म होते ही शहनाईयों की गूंज सुनाई देने लगेगी। वैवाहिक आयोजनों शुरू होते ही बाजार में खरीदारी बढ़ जाएगी। बता दे कि 16 दिसम्बर से 15 जनवरी तक मलमास लगे होने के कारण बाजार से रौनक गायब हो गई थी। व्यापारी भी मलमास के खत्म होने का इंतजार कर रहे थे।

**वैवाहिक आयोजन से बाजार होगा गुलजार, जनवरी-फरवरी में सर्वाधिक मुहूर्त, नवम्बर में भी शादियों की बाढ़**

नए साल में मकर संक्रांति के साथ ही मलमास खत्म होते ही शादियों की मुहूर्त होने के कारण बाजार में खरीदी बढ़ जाएगी। बताया जा रहा है कि नए साल 2024 में कुल 58 दिन शादियों के मुहूर्त है। इधर नए सरकार के बनते ही किसानों को 2 साल का पुराना बोनस उनके खाते में डाले जाने व किसानों के हाथों में पैसे आने से अधिक खरीदारी बढ़ने की संभावना है। इससे बाजार गुलजार हो उठेगा।

### नए साल में वैवाहिक मुहूर्त

ज्योतिषाचार्य पतजंलि बाजपेयी ने बताया कि नए साल में चालू माह जनवरी के 16 तारीख से लेकर फरवरी माह तथा नवम्बर महिने में सर्वाधिक मुहूर्त है। जनवरी में 16, 17, 20, 21, 22, 27, 28, 30 तथा 31 में सर्वाधिक शादियां है। वहीं फरवरी में 4, 6, 7, 8, 12, 13, 17, 24, 25, 26 व 29 को शादियों के मुहूर्त रहेंगे। इसी तरह मार्च महिने में एक से लेकर सात तक तथा 10 से लेकर 12 मार्च तक सर्वाधिक शादियाँ है। अप्रैल महिने में मात्र 18, 19, 20, 21 व 22 को शादियाँ है। वहीं सीधे नवम्बर में 12, 13, 16, 17, 18, 22, 23, 25, 26, 28 29 में सबसे ज्यादा शादियाँ होगी। इसी तरह दिसम्बर माह में 4, 5, 9 10, 14 एवं 15 को शादियों के मुहूर्त बन पड़े है।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने युवाओं को किया संबोधित

**प्रधानमंत्री के उद्बोधन का कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं अन्य अधिकारियों ने किया श्रवण**

- ऊर्जा और स्फूर्ति से परिपूर्ण स्वामी विवेकानंद के विचार और संदेश युग-युगांतर तक युवाओं के लिए प्रेरक
- युवाओं के लिए नये संभावनाओं का आसमान खोला जा रहा है



राजनांदगांव (दावा)। स्वामी विवेकानंद की जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं को संबोधित किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार एवं अन्य अधिकारियों ने प्रधानमंत्री के उद्बोधन का श्रवण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय अध्यात्म और संस्कृति को वैश्विक पटल पर स्थापित करने वाले स्वामी विवेकानंद को उनकी जन्म-जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शत-शत नमन किया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा और स्फूर्ति से परिपूर्ण उनके विचार और संदेश युग-युगांतर तक युवाओं को कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने युवाओं से कहा कि आजादी के 75 वर्ष के अमृत काल में भारत को नई ऊंचाईयों पर ले जाना होगा। देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के असीम त्याग एवं बलिदान से हमारा देश आजाद हुआ है।

हम अपने देश का इतिहास स्वर्ण अक्षरों में लिख सकते हैं। 21वीं सदी के युवाओं की पीढ़ी सबसे सौभाग्यशाली पीढ़ी है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि देश के युवा अपना लक्ष्य हासिल करें और दुनिया में अपना परचम लहराएं। उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत करोड़ों युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया है। युवाओं के लिए नये संभावनाओं का आसमान खोला जा रहा है। तकनीकी क्षेत्र में हमारा देश विश्व के अग्रिम पंक्ति के देशों में शुमार है।

चन्द्रयान-3, आदित्य-1, आईएनएस विक्रम जैसे वैज्ञानिक सफलता हासिल की गई हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी जितनी अधिक होगी, देश का भविष्य उतना ही बेहतर होगा। कर्तव्यों को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें तथा नशे एवं ड्रग्स से दूर रहे।

## पहला कॉलम...

### श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह प्रारंभ ग्राम कोपेडीह में



राजनांदगांव (दावा)। तुमड़ीबोड़ कोपेडीह में वर्मा परिवार के द्वारा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। भागवताचार्य ब्रजरसिक कथा व्यास पंडित गणेश शास्त्री भक्तों को लगातार भगवान की महिमा का बखान करेंगे। कलश यात्रा के साथ भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ किया गया, वही दूसरे दिन परीक्षित जन्म तीसरे दिन कपिल अवतार, चतुर्थ दिवस भरत चरित्र, पंचम दिवस समुद्र मंथन छठवे दिवस बाल लीला, सप्तम दिवस सुदामा चरित्र आठवें दिन कलयुग वर्णन परीक्षित मोक्ष एवं नवमी दिन गीता तुलसी वर्षा हवन प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस गरिमामय आयोजन में जन प्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी इत्यादि शामिल होंगे।

### कल पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक प्यारेलाल स्कूल में

राजनांदगांव (दावा)। पेंशनर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ जिला इकाई, राजनांदगांव की मासिक बैठक रविवार दिनांक 14 जनवरी को स्थानीय ठा. प्यारेलाल उ.मा. शाला में दोपहर 12:30 बजे रखी गई है। बैठक में जिला, तहसील व नगर इकाई के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहेंगे। बैठक मे पेंशनरों की समस्याओं के साथ-साथ बागबाहरा (महासमुंद) में आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन में भाग लेने जाने हेतु भी विचार किया जावेगा।

### आरला में मंडई मेला 15 को

राजनांदगांव (दावा)। सुरगी से लगे हुए ग्राम आरला में 15 जनवरी को मंडई मेला आयोजन रखा गया है। अर्जुन साहू ने बताया कि रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए मयारू भाई नाचा पार्टी ग्राम भाठागांव बी (बिरेतरा रंगचिरई) वालों का कार्यक्रम रखा गया है। क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम का लाभ लेने का आग्रह किया है।

### कोहका (ढाबा) मंडई 16 को

राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 16 जनवरी 2024 दिन मंगलवार को ग्राम कोहका (ढाबा) का मंडई रखा गया है एवं रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए करमतरा वाले शिव भोला नाचा कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी सरपंच सवित्रि चितेश साहू बजार ठेकादार नेमीचंद वर्मा ने दिया है।

# आंतरिक गुणों का विकास कर के जीवन खुशबूदार बनाए युवा - बी.के.प्रभाबहन जी



**केंद्रीय विद्यालय में आयोजित हुआ राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम**

राजनांदगांव (दावा)। गुलाब के पौधे में गोबर डाला जाता है इसके अतिरिक्त कई बदबूदार खाद डाला जाता है तब खिलता है खुशबूदार गुलाब का फूल वो भी चारों तरफ कांटो से घिरा रहता है परंतु गुलाब इन सब बातों का परवाह नहीं करता और सदा खिलता रहता है और लोगों को आकर्षित करता रहता है शायद इसीलिए इसे फूलों का राजा कहते है।

युवाओं के जीवन में भी कई प्रकार के विघ्न समस्याएं आती रहती है परंतु इसकी परवाह न करते हुए युवाओं को भी गुलाब के फूल से प्रेरणा लेकर अपना जीवन खुशबूदार बनाना चाहिए। इसके लिए युवा अपने आंतरिक गुणों का विकास करे जो की मेडिटेशन के द्वारा मन को एकाग्र करने से प्राप्त होगा। यह उदगार ब्रह्मकुमारीज आश्रम से पधारी ब्रह्माकुमारी प्रभाबहन जी ने व्यक्त की।

ज्ञात हो कि 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है इस परिपेक्ष में उज्वल भारत के लिए सशक्त युवा विषय पर पेंड्री स्थित केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव में विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसके पूर्व ब्रह्माकुमार झालम भाई ने विवेकानंद जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विवेकानंद जी जिन बातों पर जोर देते थे वो थे स्वयं पर विश्वास, मन की शक्ति, मानव स्वयं भाग्य निर्माता, शिक्षा का उद्देश्य भारत की जन मानस की सेवा। उन्होंने जीवन पर्यंत इन्ही बातों को भारतीयों को समझाने में अपना जीवन लगा दिया।

हम युवाओं को भी विवेकानंद जी के इन बातों को आत्मसात कर अपने जीवन को दिव्य बनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ शिक्षक डॉ. योगेन्द्र पांडे ने सभी का स्वागत किया तथा अंत में इस सुंदर आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी झिलेश्वरी बहन जी, कार्यवाहक प्राचार्य श्रीमती सुरीता सैनी, अध्यापकगण श्रीमती प्रतिभा भेले, महेंद्र मिश्रा, लालेश्वर साहू, अनिल खोब्रागड़े, श्रीमती कल्पना शर्मा के साथ साथ विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# अशोका आई.टी.आई में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गयी



राजनांदगांव (दावा)। जिले के अग्रणी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अशोका आई.टी.आई. में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। विदित हो कि युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वामी जी की जयंती के अवसर पर अशोका आई.टी.आई. में आयोजित उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम आमंत्रित मुख्य अतिथि नगर के प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर एवं 'विचार बदलो दुनिया बदलो' के संस्थापक विनोद कश्यप ने माँ सरस्वती के तैल चित्र में माल्यार्पण किया तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर हार अर्पित कर उनकी पूजा अर्चना की। अपने उद्बोधन में श्री कश्यप ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला एवं वैश्विक पटल पर सनातन हिंदु संस्कृति को श्रेष्ठ पहचान दिलाने में उनके योगदान का याद किया। उन्होंने बताया कि आज का युवावर्ग स्वामी जी के आदर्शो को यदि अपना ले तो जीवन में वो बड़े से बड़ा लक्ष्य भी प्राप्त कर सकते है।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में श्री कश्यप ने संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थियों को उनकी जीवन की सभी समस्याओं के निराकरण के लिसे सुझाव दिये। इसी कड़ी में प्रशिक्षार्थियों के लिए आयोजित प्रश्नोत्तरी में प्रशिक्षार्थियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का जवाब उन्होनें दिया जिससे प्रशिक्षार्थीगण संतुष्ट नजर आये। इस अवसर पर गजानन शिक्षा समिति के सचिव कमल नारायण चंद्राकर भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के संचालक भूपेन्द्र चंद्राकर ने आगत अतिथि को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुरगी के कृषि विषय के छात्र-छात्राओं ने व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत पंडित शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी, राजनांदगांव में कृषि से संबंधित भ्रमण किया। जिसमें कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जयालक्ष्मी गांगुली, डॉ. द्विवेदी प्रसाद सहायक प्राध्यापक, डॉ. विनम्रता जैन प्राध्यापक, डॉ. मनोज चंद्राकर सहायक प्राध्यापक एवं कृषि महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक गण ने कृषि से संबंधित जानकारी छात्रों को प्रदान किए।

छात्रों को कृषि शिक्षा की वर्तमान एवं भविष्य की जानकारी प्रदान की गई कृषि शिक्षा की विभिन्न शाखों की जानकारी प्रदान की गई जिसमें सस्य विज्ञान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के प्रमुख फसलों की खेती एवं उनके प्रबंधन कृषि की अन्य शाखा के अंतर्गत कृषि कीट विज्ञान, कृषि रोग विज्ञान की जानकारी प्रदान की गई।

कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. जयालक्ष्मी गांगुली के द्वारा पौध संरक्षण के बारे में विशेष जानकारी के अंतर्गत पादप कीट विज्ञान एवं पादप रोग विज्ञान जो कृषिगत फसलों को बहुत अधिक नुकसान पहुंचाते हैं , कुछ लाभदायक कीट जैसे मधुमक्खी, लाख एवं रेशम कीट तथा पौध संरक्षण में कीटनाशकों के उपयोग एवं उनके विषाक्तता से संबंधित जानकारी प्रदान किया गया। सहायक अध्यापक डॉ. द्विवेदी प्रसाद के द्वारा शस्य विज्ञान विषय से संबंधित जानकारी जिसके अंतर्गत कृषि में उपयोग होने वाली विभिन्न प्रकार भू-परिष्करण यंत्र एवं विभिन्न प्रकार की नई-नई किस्म से संबंधित जानकारी जिसमें बायो फोर्टीफाइड, सुगंधित किस्म, एवं एरोबिक धान जैसी विभिन्न किस्म की जानकारी के साथ व्यवसायिक शिक्षा के महत्व बताते हुए कृषि में विभिन्न स्वरोजगार की जानकारी प्रदान किए। कृषि शिक्षा में सफलता की कुंजी में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर कृषि महाविद्यालय मे प्रवेश प्राप्त करने के विभिन्न रास्तों को उजागर किया गया।

डॉ. मनोज चंद्राकर सहायक प्राध्यापक के द्वारा कृषि कीट विज्ञान में कीटो के लाभदायक एवं हानिकारक महत्व को बताया गया जिसमें कीटो के जीवन चक्र पर प्रकाश डालते हुए उनके संवर्धन एवं महत्व के साथ मशरूम उत्पादन की विभिन्न तकनीकों की जानकारी जिसमें स्वरोजगार के अवसरों से अवगत कराया गया। इसके साथ-साथ छात्रों ने कृषि की अन्य विभागों जैसे मृदा विज्ञान, उद्यान विज्ञान कृषि अभियांत्रिकी कृषि अर्थशास्त्र कृषि प्रसार शिक्षा एवं अन्य कृषि से संबंधित विषय की जानकारी प्राप्त किए। भ्रमण में संस्था प्रमुख प्राचार्य एन.के.साहू के मार्गदर्शन में व्यवसायिक प्रशिक्षक पंकज कुमार चंदेल, सोमेश देशमुख, देवेंद्र मंडावी, किरण साहू एवं शिवानी रात्रे के द्वारा आयोजित हुई।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत राजनांदगांव शहर में 13 से 16 जनवरी तक कैम्प

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोकहितैषी योजनाओं के प्रति जागरूकता लाने एवं जनसमान्य को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नगर पालिक निगम राजनांदगांव क्षेत्र में 13 से 16 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

शनिवार 13 जनवरी को गौरी नगर स्कूल मैदान में सुबह 8.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक एवं शंकरपुर स्कूल मैदान में अपरान्ह 1 बजे से शाम 5 बजे तक, रविवार 14 जनवरी को नया ढ़ाबा स्कूल मैदान में सुबह 8.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक एवं स्टेट स्कूल मैदान में अपरान्ह 1 बजे से शाम 5 बजे तक, सोमवार 15 जनवरी को कमला कॉलेज मैदान में सुबह 8.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक एवं हल्दी स्कूल मैदान में अपरान्ह 1 बजे से शाम 5 बजे तक तथा मंगलवार 16 जनवरी को लखोली स्कूल मैदान में सुबह 8.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक कैम्प का आयोजन किया जाएगा। केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए हितग्राहियों को अधिक से अधिक संख्या में कैम्प में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

# श्रम सम्मान राशि प्रदान करें - जिलाध्यक्ष

राजनांदगांव(दावा)। गत दिवस जिला लघुवनोपज तेन्दूपत्ता गोदाम कर्मचारी द्वारा रायपुर के कलेक्टर गार्डन में बैठक आयोजित किया गया जिसमें (छ.ग.) प्रदेश के 21 जिला यूनियन (उघु वनोपज) के जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी शामिल हुए जिसमें कर्मचारी द्वारा पिछले सरकार कांग्रेस के द्वारा श्रमादर कलेक्टर, दैनिक वेतन भोगी, कुशल, अर्द्धकुशल कर्मचारीयों को 4000 रु. श्रम सम्मान दिये जाने की घोषणा की गई और बजट सत्र में 240 करोड़ का राशि शामिल कर देने का प्रावधान किया लेकिन हमारे विभागों में बैठे उच्चाधिकारी द्वारा गलत जानकारी पत्राचार करने कर सभी कर्मचारियों को शेष राशि से वंचित के साथ वादा खिलाफी किया जा रहा है। कई बार पर उच्चाधिकारी द्वारा कार्यों से पृथक करने की धमकी दी जाती है। हम तेन्दूपत्ता गोदाम चौकीदार लघु वनोपज के प्रदेश के सभी कर्मचारीयों में भारी रोष व्याप्त है। अधिकारियों द्वारा हम दैनिक वेतनभोगी श्रमादर कलेक्टर दर पर कार्यरत कुशल, अकुशल श्रमिकों को श्रम सम्मान राशि से वंचित कर रखा और भ्रामक जानकारी देकर पृथक रखा है। लघु वनोपज संघ के कर्मचारी अन्दोलन हेतु बाध्य होगें। जिसके जिम्मेदारी, शासन प्रशासन होंगे। अतः हमें शीघ्र ही श्रम सम्मान की राशि प्रदान करे। बैठक में महेश सिन्हा, रामकुमार सिन्हा प्रवीण शर्मा, सोमन राव, दीपक सोनी भूषण साहू, शंशाक सोनी, नरेश गढ़ेवाल, सोमनाथ, राकेश ध्रुव, मनोज सोनी, रामदास, सुनील, बुधारू एवं 30 कर्मचारी शामिल हुए।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
श्री साई गुरू फिल्म प्राडक्शन कृत
माटी पुत्र
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - शिवा साहू, मुस्कान साहू, क्रांति दीक्षित, पुष्पेन्द्र सिंह, अंजली चौहान आदि


ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

silver SCREEN
SILVER SCREEN Multiplex
12th Jan to 18th Jan 2024


Merry Christmas - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Captain Miller - 03:15 and 09:15 pm
Hanu-man - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Dunki - 06:15 pm
Salaar - 12:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

**कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, वनमण्डल खैरागढ़, जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)**

E_mail:- khairagarhdfo@yahoo.com, Phone & Fax-07820-234278

निविदा सूचना क्रमांक/व.म.अ./राजस्व/2023-24/ — खैरागढ़, दिनांक 10/01/2024

**// सबई रस्सी के क्रय हेतु संशोधन निविदा सूचना //**

पूर्व में जारी किये गये सबई रस्सी के प्रकाशन में संशोधित किया जाता है।

| स्थल | प्रथम निविदा तिथि | द्वितीय निविदा तिथि | तृतीय निविदा तिथि | निविदा प्राप्ति का समय | निविदा खोलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्यालय, वनमण्डलाधिकारी, खैरागढ़ वनमण्डल पूर्व में जारी | 18 जनवरी 2024 | 23 जनवरी 2024 | 30 जनवरी 2024 | 01:00 बजे तक | 3:00 बजे अपरान्ह से |
| कार्यालय, वनमण्डलाधिकारी, खैरागढ़ वनमण्डल संशोधित तिथि | 05 फरवरी 2024 | 20 फरवरी 2024 | 29 फरवरी 2024 | 01:00 बजे तक | 3:00 बजे अपरान्ह से |

जी- 07052/4

वनमंडलाधिकारी
खैरागढ़ वनमण्डल खैरागढ़

**शपथ पत्र (नाम परिवर्तन)**

मैं युवराज साहू पिता श्री राधू साहू, जाति तेली निवासी ग्राम उसरीबोड़ पो. सुरगी तह. जिला राजनांदगांव (छ.ग.) सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पुत्र का नाम जन्म प्रमाण पत्र में आरव साहू पिता युवराज साहू दर्ज है, जिसे सुधार कराकर खाटूश्याम साहू पिता युवराज साहू के नाम से दर्ज कर समस्त शासकीय व अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में जहां भी मेरे पुत्र का नाम आरव साहू पिता युवराज साहू दर्ज है, वहां पर खाटूश्याम साहू पिता युवराज साहू के नाम से जाना पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशित करना चाहता हूँ। अतः प्रकाशन उपरांत मेरे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम खाटूश्याम साहू पिता युवराज साहू लिखा-पढ़ा जावे।

**युवराज साहू**
पिता श्री राधू साहू, जाति तेली
निवासी ग्राम उसरीबोड़ पो. सुरगी तह.
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
4-5-6
256-3 134-8
राजधानी
1-2-3
255-2 500-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# जिले के किसानों को शासन की योजना का लाभ दिलाने के लिए समन्वित तरीके से कार्य करें अधिकारी एवं बैंकर्स - कलेक्टर



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं शासन की अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु कृषि विभाग, राजस्व विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन विभाग एवं बैंकर्स की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अंतर्गत किसानों को प्रति वर्ष तीन किस्तों में 6 हजार रूपए की राशि दी जाती है। जिले के किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए यह जरूरी है कि पंजीकृत किसानों के खाते का आधार सीडिंग होना चाहिए। उन्होंने कृषि विभाग एवं बैंकर्स को आपसी समन्वय के साथ आधार सीडिंग करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी दिक्कत के कारण जिन किसानों को योजना का लाभ नहीं मिला है।

इस समस्या का समाधान समन्वित तरीके से करें। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं अन्य सभी बैंक ई-केवायसी तुरंत कराएं और किसानों की मदद करें। उन्होंने कहा कि वनाधिकार पट्टा प्राप्त किसानों को भुईयां पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश दिए। वनाधिकार पट्टा प्राप्त किसानों को पंजीकृत करें, ताकि उन्हें भी शासन की योजना का लाभ मिल सकें। किसानों को किसान क्रेडिट योजना से शत-प्रतिशत लाभान्वित करने की आवश्यकता है। उद्यानिकी विभाग एवं पशुपालन विभाग अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड अभियान चलाकर बनाएं। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैंकर्स से कहा कि किसानों का कार्य बैंक से प्रत्यक्ष तौर से जुड़ा रहता है। कई बार किसान ऋण लेने के लिए अपनी चल-अचल संपत्ति गिरवी रख देते हैं। बैंकर्स किसानों को इस सामाजिक बुराई से बचा सकते हैं। यह एक छोटी सी बात है, लेकिन इसका प्रभाव बहुत बड़ा है। बैंकर्स समाज को एक सकारात्मक दिशा दें सकते हैं। शासन द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए मुद्रा लोन सहित जरूरी योजनाएं प्रारंभ की गई हैं। बैंकर्स की छोटी सी मदद से उनका जीवन बदलेगा और बैंक को भी इसका लाभ मिलेगा तथा उपलब्धियां बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि व उद्यानिकी एवं अन्य विभागों द्वारा ऋण लेने के लिए किए गए आवेदन को निरस्त नहीं करें, बल्कि संवेदनशीलतापूर्वक निराकरण करें। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रकरणों में प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल विकास किया जा सकता है। कमियों को दूर करते हुए जरूरतमंदों को ऋण देने की पहल करें, जिससे युवाओं के जीवन को दिशा मिलेगी। अप्रत्यक्ष तौर पर आप उन्हें सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए सक्षम है और किसी के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग एवं अन्य विभागों में लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के लिए कहा।

जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार ने सभी बैंकर्स से कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुद्रा लोन तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। मनरेगा के श्रमिकों का आधार सीडिंग बहुत आवश्यक है। इसके लिए रोजगार सहायक समन्वय करेंगे यह कार्य प्राथमिकता से कराने की जरूरत है। उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डे ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं किसानों से बैंक खाते में आधार सीडिंग किया जाना आवश्यक है, इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। डुप्लीकेसी जैसी समस्याएं भी हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 1 लाख 48 हजार 600 किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ ले रहे है तथा 4 हजार 588 नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि किसानों की ई-केवाईसी, लैंड सीडिंग, आधार सीडिंग एवं पंजीयन के लिए कार्य जारी है। इस अवसर पर सहायक संचालक उद्यानिकी राजेश शर्मा, प्रभारी सहायक संचालक मत्स्य श्रीमती बीना गढ़पाले सहित कृषि विभाग, राजस्व विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन विभाग एवं बैंकर्स व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# एसपी ने बच्चों को नशीले पदार्थ एवं असामाजिक गतिविधियों से बचाने हेतु ली बैठक



**बच्चों का रूझान खेल कूद की ओर प्रोत्साहित करने का रहा उद्देश्य**

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा युवा दिवस के अवसर पर बच्चों को नशीले पदार्थ एवं असामाजिक गतिविधियों से बचाने व उनका रुझान खेलकूद की ओर करने शहर के युवाओं तथा विभिन्न एनजीओं की बैठक लिया गया।

एसपी श्री गर्ग ने युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को युवाओं तथा विभिन्न एनजीओं की मीटिंग लेकर बच्चों एवं नवयुवकों को नशीले पदार्थ एवं असामाजिक गतिविधियों से दूर रखने हेतु उनका रूझान खेल कूल की ओर लाने के लिये कार्य योजना तैयार करने एवं क्रियान्वित करने के लिये उपस्थित विभिन्न एनजियों एवं युवा खिलाड़ियों को एक साथ मिलकर अलग-अलग खेलों का आयोजन कर स्लम ऐरिया, गांव क्षेत्र के बच्चों एवं युवाओं को खेल का प्रशिक्षण देकर उनको स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये रूप रेखा तैयार कर शहर एवं अलग-अलग थाना क्षेत्रों में खेल का प्रशिक्षण एवं टूर्नामेंट का आयोजन सभी के सहयोग से करने हेतु कहा गया। जिसमें बच्चों के लिये दौड़ किड़ोथॉन, महिलाओं के लिये पिंकथॉन बॉलिबाल, हॉकी, कबड्डी, तिरंदाजी, सायकीलिंग, स्वीमिंग, इंडोर गेम्स में चेस, कैरम आदि खेलों में बच्चों का रूझान पैदा करने पर उनका भविष्य उज्ज्वल हो और बच्चें नशीले पदार्थो एवं असामाजिक गतिविधियों से दूर रहें जिससे भविष्य में ये बच्चें जिला, राज्य एवं देश का नाम रोशन करें।

इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल, थाना प्रभारी कोतवाली ऐमन साहू तथा नांदगांव रनर, लायंस क्लब ऑफ नांदगांव, नव युवा, एथलेटिक कोच, बालीवॉल खिलाड़ी एवं शहर के युवा एवं एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री के द्वारा देश के युवाओं के नाम संदेश का टाउन हॉल में हुआ सीधा प्रसारण




राजनांदगांव (दावा)। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2024 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के युवाओं के नाम संदेश का प्रसारण नगर निगम सभागृह में आहूत कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु सहित पूर्व महापौर अजीत जैन, समाजसेवी राजेन्द्र गोलछा, पार्षदगण, पत्रकार बंधु तथा अधिकारी व कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री के संदेश सीधा प्रसारण देखा व सुना।

प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने संदेश में युवाओं से राष्ट्र निर्माण में युवाओं के सामर्थ्य का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी जितनी अधिक होगी, राष्ट्र का भविष्य उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को युवाओं के प्रेरणास्रोत कहा। प्रधानमंत्री ने बीते दस सालों में युवाओं के सामने मौजूद हर रुकावट को दूर करने और उन्हें प्रगति का खुला आसमान देने के लिए अपनी सरकार के समग्र प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत में अमृतकाल का कालखण्ड है, जो युवाओं के लिय सुनहरा मौका है। आप लोगों को भारत को एक नई ऊचाई तक ले जाना है, ऐसा काम करें की अगली पिढ़ी आपको याद करें। संदेश देते हुये कहा कि सरकार युवाओं के लिये अनेक कार्य कर रही है। उनके लिये राष्ट्रीय युवा शिक्षा निति तैयार की गयी है, लोकतंत्र में युवाओं की जितनी भागीदारी होगी, राष्ट्र का भविष्य उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुये कहा कि मेक इन इण्डिया प्रोडक्ट का इस्तेमाल करे एवं नशा को अपने जीवन से दूर रखे, क्योकि आप युवा ही देश के भविष्य है।

इस अवसर पर उपायुक्त मोबिन अली, प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम, प्रोग्रामर पंकज चंद्रवंशी, महापौर परिषद के सचिव संजीव कुमार मिश्रा, प्र.कार्यालय अधिक्षक अशोक चौबे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# पुलिस ने विभिन्न प्रकरणों में 7 आरोपियों के खिलाफ की आबकारी एक्ट तहत कार्यवाही




**आरोपियों के कब्जे से देसी प्लेन एवं मसाला 4.32 लीटर व अंग्रेजी शराब 3.75 लीटर जप्त**

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस ने जिले में अवैध शराब बिक्री एवं तस्करी के 7 प्रकरणों में 7 आरोपियों पर कार्रवाई की है। बताया गया है कि अवैध शराब बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब परिवहन की रोकथाम अभियान के तहत दिनांक 12 जनवरी को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 4 प्रकरण में 4 आरोपियों को तथा थाना लालबाग पुलिस द्वारा एक प्रकरण में एक आरोपी व थाना बोरतलाव पुलिस द्वारा एक प्रकरण में एक आरोपी तथा थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा एक प्रकरण एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया तथा सभी आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। बताया जा रहा है कि जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब परिवहन की रोकथाम हेतु यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# अग्र अलंकरण एवं प्रांतीय अधिवेशन आज से अनंत पैलेस में

0 दो दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ प्रदेश के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल करेंगे
0 युवा सत्र को वित्त मंत्री ओ पी चौधरी संबोधित करेंगे




राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन का दो दिवसीय 16 वां प्रांतीय अधिवेशन एवं अष्टम अग्र अलंकरण महोत्सव आज 13 जनवरी शनिवार को अग्रवाल सभा राजनांदगांव के आतिथ्य में अनंत पैलेस सीआईटी कॉलेज के पास संपन्न होने जा रहा है। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल (छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, धर्म, पर्यटन एवं संसदीय कार्य मंत्री) द्वारा सुबह 11:00 बजे किया जायेगा, समारोह की अध्यक्षता अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के चेयरमैन प्रदीप मित्तल द्वारा की जाएगी, विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील गुप्ता (सांसद), सियाराम अग्रवाल (राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष), अमर अग्रवाल (विधायक), गौरीशंकर अग्रवाल (पूर्व विधानसभा अध्यक्ष), राजेश अग्रवाल (विधायक), जयसिह अग्रवाल (पूर्व मंत्री) उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल, प्रांतीय चेयरमैन अशोक अग्रवाल, महामंत्री मनोज अग्रवाल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अग्रवाल समाज मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के वंशज है। अग्रकुल प्रवर्तक भगवान श्री अग्रसेन जी, भगवान श्री राम की 38 वीं पीढ़ी में आते है।

समिति ने जानकारी दी कि दो दिवसीय महोत्सव की व्यापक तैयारियां पूरी हो चुकी है, प्रतिनिधियों का आगमन देर रात्रि तक शुरू हो चुका है। आज 13 जनवरी को सुबह 11 बजे उद्घाटन सत्र के पश्चात दोपहर 12 बजे से प्रांतीय अधिवेशन का प्रथम सत्र होगा, जिसमें प्रांतीय स्तर पर प्राप्त विभिन्न विषयों एवं सुझावों पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ( राजू) एवं अशोक मोदी तथा महोत्सव के संयोजक नंदकुमार अग्रवाल ने बताया कि दोपहर भोजन पश्चात 02:30 बजे से प्रांतीय अधिवेशन एवं खुला सत्र होगा, जिसमें पूरे प्रदेश की विभिन्न अग्रवाल सभाओं के प्रतिनिधि एवं प्रांतीय प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र की विशेष योजनाओं की जानकारी देते हुए विभिन्न विषयो पर चर्चा निर्णय लेंगे। प्रांतीय युवा अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष आशीष सेक्सरिया ने जानकारी दी कि शाम 05:00 बजे से युवा सत्र होगा, जिसका उद्घाटन छत्तीसगढ़ के वित्त, वाणिज्य कर, आवास एवम पर्यावरण मंत्री ओ. पी. चौधरी करेंगे, विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक त्रय गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकर एवं रिकेश सेन उपस्थित रहेंगे।

महिला संगठन की प्रांतीय अध्यक्ष गंगा अग्रवाल ने बताया की शाम 06:30 बजे से महिला सत्र होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सरोज पांडे, विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर हेमा देशमुख एवं मोटीवेटर सुश्री जया मिश्रा (कोरबा) उपस्थित रहेंगे। महिला मंडल की अध्यक्ष अनुराधा लोहिया के अनुसार रात्रि 08:30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

## कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित ईव्हीएम और वीवीपेट संरक्षित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अमित कुमार उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल द्वारा स्ट्रांग रूम में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने सील तालों को खोलकर वहां संरक्षित ईवीएम और वीवीपैट का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस बल को पूरी सजगता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिये कहा।

# रक्तदाता जनजागरुकता अभियान : यूनुस ब्लड डोनेशन ग्रुप के सदस्यों ने किया रक्तदान




राजनांदगांव(दावा)। रक्तदाता जनजागरूकता अभियान के तहत यूनुस ब्लड डोनेशन ग्रुप के सदस्यों ने ब्लड बैंकों में रक्त की कमी हो गई थी किसी भी ब्लड बैंक में ए पॉजिटिव ब्लड मरीज के परिजनों को उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। मरीज के परिजनों से पता चला तो यूनुस ब्लड डोनेशन ग्रुप के सदस्यों को फोन लगाया जिससे अस्पताल में एडमिट मरीज के पैर का ऑपरेशन हो पाया। आज जिन रक्तवीर साथियों ने आकर रक्तदान किया उनमें भूषण भाई, मोहन सिन्हा, विनय कुमार मेहरा, उपेन्द्र धामगये, छगन साहू, कामता प्रसाद सिन्हा ने ब्लड बैंकों में जाकर रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश किये। इस अवसर पर लाइफलाइन ब्लड बैंक के संचालक अभिषेक सिंह, कृष्णा साहू, गीतेश्वर साहू, नेहा साहू एवं नांदगांव ब्लड बैंक के एडमिन राजेश सेठिया, मेडिकल काउंसलर मोहित साहू, तामेश्वर साहू, प्रियंका मोहबे, कामिनी साहू उपस्थित थी।

# कलेक्टर के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन और भण्डारण पर की जा रही लगातार कार्रवाई



○ एसडीएम डोंगरगांव के नेतृत्व में डोंगरगांव, अर्जुनी एवं कुमरदा क्षेत्र के कोचियों और बिचौलियों के अवैध धान परिवहन और भण्डारण पर की गई जप्ती की कार्वाई
○ डोंगरगांव अनुविभाग क्षेत्र में अवैध धान भण्डारण के 499 कट्टा धान और अवैध धान परिवहन करने पर 266 कट्टा धान किया गया जप्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन और भण्डारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम डोंगरगांव ए.के. पुसाम के नेतृत्व में राजस्व और मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने डोंगरगांव, अर्जुनी एवं कुमरदा क्षेत्र के कोचियों और बिचौलियों के अवैध धान परिवहन और भण्डारण पर जप्ती की कार्वाई की गई। अवैध धान भण्डारण के 499 कट्टा धान और अवैध धान परिवहन करते पाए जाने पर 266 कट्टा धान जप्त किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव अश्वन कुमार पुसाम ने बताया कि डोंगरगांव अनुविभाग के अंतर्गत नगर पंचायत डोंगरगांव, ग्राम अर्जुनी, महाराजपुर, धनगांव, सेवताटोला एवं अन्य ग्रामों में धान के थोक एवं फुटकर विक्रेताओं के गोदाम का स्थल जांच एवं अनुविभाग डोंगरगांव अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में धान का अवैध परिवहन का औचक जांच किया गया। जिसके अंतर्गत ग्राम सेवताटोला डोंगरगांव में अंकित ट्रेडर्स, सक्षम ट्रेडर्स, विद्याश्री ट्रेडर्स, अमरचंद जैन फुटकर विक्रेता ग्राम अर्जुनी तथा अन्य गोदाम की जांच की गई। जिसमें अंकित ट्रेडर्स डोंगरगांव में बी 1 रजिस्टर संधारण नहीं करने पर 250 कट्टा धान, सक्षम ट्रेडर्स डोंगरगांव में मंडी एक्ट के तहत 160 कट्टा धान, सुदामा यादव द्वारा अतुल राईस मिल लालबाग राजनांदगांव से बिना अनुज्ञा, बिना परिवहन पास के बांधाबाजार जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी मुरारी के गोदाम में अवैध परिवहन करते 125 कट्टा धान, ग्राम गिरगांव से खुर्सीपार छुरिया में वाहन चालक द्वारा धान विक्रय हेतु अवैध परिवहन किये जाने पर 71 कट्टा धान, डोंगरगांव से केरेगांव छुरिया विकासखंड में अवैध परिवहन करते 70 कट्टा धान, अमरचंद जैन फुटकर विक्रेता अर्जुनी में मंडी एक्ट के तहत 53 कट्टा धान तथा ग्राम धनगांव में 36 कट्टा धान की जप्ती की कार्वाई की गई।

धान जप्ती की कार्वाई के दौरान एसडीएम ए.के.पुसाम, नायब तहसीलदार गंगाधर राव, नायब तहसीलदार जेपी खूटे, राजस्व निरीक्षक कौशल सिन्हा, मंडी निरीक्षक एवं मंडी उपनिरीक्षक, पटवारी अजय राणा एवं संजय यदु उपस्थित रहे।

# हिंदी में श्रेष्ठ कार्य हेतु केंद्रीय विद्यालय को तृतीय पुरस्कार, चंदन कविता स्पर्धा में द्वितीय



राजनांदगांव(दावा)। केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव को वर्ष 2022-23 के लिए राजनांदगांव स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों के मध्य हिंदी में श्रेष्ठ कार्य निष्पादन हेतु तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति राजनांदगांव के अध्यक्ष एवं अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा राजनांदगांव सर्वेंद्र मलिक ने कल केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार को यह पुरस्कार प्रदान किया। इसी तरह नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के राजनांदगांव स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों के मध्य आयोजित हिंदी चित्र कविता प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव के चंदन कुमार कनौजिआ, कनिष्ठ सचिवालय सहायक को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। नराकास के अध्यक्ष सर्वेंद्र मलिक ने उन्हें इसके लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

इस प्रतियोगिता का आयोजन नराकास के तत्वावधान में यूनियन बैंक आफ इंडिया के द्वारा किया गया था। नराकास अध्यक्ष सर्वेंद्र मलिक ने केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव को बधाई देते हुए प्रतियोगिताओं में इसी तरह सहभागिता करने और राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को सुनिश्चित करने में अपना योगदान देने की शुभेच्छा व्यक्त की।

# रॉयल डेंटेयर में आज से दो दिवसीय निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर



राजनांदगांव(दावा)। संस्कारधानी के प्रतिष्ठित डेंटल क्लिनिक 'रॉयल डेंटेयर' में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर डॉ रूद्रप्रताप सिंह ठाकुर (एम.डी.एस.-आर्थोडांटिक्स एण्ड डेंटोफेशियल आर्थोपेडिक्स) एवं डॉ. नीतू सिंह ठाकुर (बी.डी.एस. डेंटल एण्ड कास्मेटिक सर्जन) द्वारा दो दिवसीय निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें मरीजो का परीक्षण कर दांतों से संबंधित जानकारी दी जायेगी तथा शिविर में ईलाज हेतु रजिस्ट्रेशन करवाने पर विभिन्न दंत उपचारों में 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक विशेष छूट दी जायेगी। उक्त शिविर रॉयल डेंटेयर, ग्रीन हाईट्स, कौरिनभाठा, बसंतपुर रोड, राजनांदगांव में दिनांक 13 (शनिवार) एवं 14 (रविवार) जनवरी को सुबह 10:30 बजे से प्रारंभ किया जाएगा।

# रॉयल कराते एकेडमी से बच्चों ने कराते में किया मेडल प्राप्त

**राजनांदगांव (दावा)। रॉयल कराते एकेडमी से बच्चों का कराते में चयन वेस्ट बंगाल (कोलकाता) में कराते में हो रहे नेशनल लेवल कराते महोत्सव सीजन-1 दिनांक 07 जनवरी के लिए हुआ था। जिसमें राजनांदगांव के बच्चों ने छत्तीसगढ़ को प्रेजेन्ट करते हुए काता व कुमते में अपने कैटेगिरी के हिसाब से हिस्सा लिया।**



दासनगर अलामोहन दास इंदौर स्टेडियम, हावड़ा मुनिसिपल कोर्पोरेशन कोलकाता में आयोजन की गई थी। जिसमें छत्तीसगढ़ से 15 बच्चों का चयन हुआ था जिसमें सभी ने अपने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया व काता/कुमते में मेडल लाकर छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया।

यह सारे बच्चें रॉयल कराते एकेडमी राजनांदगांव के शिहान आदिल खान सर के प्रशिक्षण प्राप्त कर वहां अपना अच्छा प्रदर्शन कर सभी जिलों को हराकर प्रथम प्राप्त कर शहर को गौरविन्त किया है और राजनांदगांव छत्तीसगढ़ का डंका कोलकाता में भी बजा कर आये है। जिसमें कामिल खान का चयन गोल्ड के बाद सुपर गोल्ड के लिए हुआ था जिसमें वह सीनियर पुरूष वर्ग के सुपर गोल्ड में भी स्थान अर्जित किया व इंडिया के स्टार प्लेयर नियुक्त हुए। सभी बच्चों का दोनों वर्ग में मेडल लगा है, जिसका विवरण इस प्रकार है, कामिल खान कुमते गोल्ड/ सुपर गोल्ड इवेंट स्टार प्लेयर इंडिया, मीहिर मौर्य सिल्वर मेडल कुमते, इशान शर्मा, कुमते बाउंस मेडल, आस्था टांडेकर कुमते सिल्वर मेडल काता बाउंस मेडल, प्रबुद्ध बंसोड कुमते सिल्वर मेडल काता बाउंस मेडल, कल्पना निषाद, कुमते गोल्ड मेडल काता बाउंस मेडल, वर्षा वर्मा कुमते सिल्वर मेडल काता बाउंस मेडल, अब्दुल गोल्ड मेडल काता सिल्वर मेडल/सुपर गोल्ड समीर कुमार साहू, कुमते गोल्ड काता गोल्ड, आरव शर्मा कुमते गोल्ड काता बाउंस मेडल, शिवांशु बिसवाल कुमते सिल्वर मेडल काता बाउंस मेडल, सृष्टि मिश्रा कुमते गोल्ड काता गोल्ड, इन बच्चों ने दोनों आयोजित प्रतियोगिता में मेडल पाकर यह शाबित किया है कि इन बच्चों मेहनत और इनके पीछे मेहनत कर रहे कोच शिहान आदिल खान सर के द्वारा दी गई प्रशिक्षण से ही इन बच्चों ने हर जिले में सफलता हासिल की है।

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में राजनांदगांव जिला कराते एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने कोच व बच्चों को बधाई दी है व खेल जगत के सभी खेल के कोचों व बलराम सिन्हा (रब) ने कराते के इस उपलब्धि के लिए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बधाईयां दी।

## अनमोल दावा

"जिंदगी तो कुल एक पीढ़ी भर ही होती है, पर नेक काम पीढ़ी दर पीढ़ी चलते जाते है।

## ईसीआई, एससी और पीएमओ

देश की मौजूदा केंद्र सरकार भारतीय चुनाव आयोग (इलैक्शन कमीशन ऑफ इंडिया-ईसीआई) और सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट- एससी) को भी पंगु बनाकर अपने अभिन्न मगर अदृश्य व अनिर्वाचित प्राइम मिनिस्टर ऑफिस (पीएमओ) के फंदे में ले आना चाहती है. नए प्रस्तावित चुनाव आयोग के कानून में मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में जो परदे डालने का प्रावधान है वह चुनाव आयोग को पूर्व चुनाव आयुक्त टी एन शेषन के पहले वाले युग में ले जाने वाला है जिस में चुनाव आयोग सरकार का एक अंग होता था.

आज सरकार का मतलब संसद या विधानसभाएं नहीं रह गई हैं. आज सभी फैसले प्राइम मिनिस्टर ऑफिस द्वारा लिए जा रहे हैं. पीएमओ यानी प्रधानमंत्री कार्यालय ही आज नई योजनाएं बनाता है और वह ही उन्हें लागू करता/करवाता है. आज संसद में बहस नहीं होने दी जाती. केंद्रीय मंत्री केवल पीएमओ से स्वीकृत भाषण पढ़ते हैं. नीतियां पीएमओ बनाता है और संसद आंख मूंद कर उन्हें पास करती है. यहां तक कि भाजपा के नएपुराने मुख्यमंत्री भी जनादेश की नहीं, मंत्रियों की नहीं, मंत्रिमंडल की नहीं बल्कि पीएमओ पर निर्भर होने को मजबूर हैं.

जहां भी शब्द 'सरकार' आता है वहां अर्थ पीएमओ हो गया है क्योंकि वही तय करता है कि देश कब वहां कैसा फैसला लेगा. चुनाव आयुक्त की नीति, उसके कार्यकाल, आयुक्त की शक्तियां, सुविधाएं, पहुंच अब धीरे-धीरे खिसक कर पीएमओ के हाथ में पहुंच रही हैं. देश को दिशा देने के लिए यूपीएससी की परीक्षाओं से निकल कर आए व 20-25 वर्ष की नौकरी के बाद घाघ बन गए सरकारी अफसर अब जनता के माईबाप बन गए हैं. मंत्रियों की तो कोई पूछ है ही नहीं, खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह जो फैसले लेते हैं, उन की सारी पृष्ठभूमि भी पीएमओ तैयार करता है.

भारतीय जनता पार्टी का हर नेता जानता है कि पीएमओ ने इतने अधिकार अपने पास रख रखे हैं और इतने राज वहां फाइलों में रखे हैं कि वह जब चाहे किसी की भी बांहें मरोड़ सकता है, चुनाव आयुक्त भी आमतौर पर इसी पीएमओ के तहत आते हैं और वे यह जानते हैं कि पीएमओ की सामूहिक शक्ति कितनी है, कैसी है और कहां-कहां तक फैली है. आज पीएमओ में वे वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस अफसर हैं जो कभी न कभी गुजरात में रहे हैं और एक तरह से उन पर मोदी व शाह का विश्वास है. यह विश्वास इस तरह का हो गया है कि मोदी और शाह अब उन की सहमति के बिना कोई काम नहीं करते.

नेहरू और इंदिरा के शासन में फैसले मंत्रिमंडल लेता था जिसका जमीन से जुड़ाव था. आज जमीन से जुड़े लोगों के हक गायब हो गए हैं. वे मोहरे बना दिए गए हैं और चुनाव आयोग भी ऐसा ही एक मोहरा है.

अगर चुनाव आयोग की विश्वसनीयता कम होती गई तो एक दिन देश की जनता का लोकतंत्र से विश्वास उठ जाएगा. और तब, जनता पर थानेदार, टैक्स कलैक्टर, इंस्पैक्टर, नगर निकाय विभाग उसी तरह से कहर ढ़ाने लगेंगे जैसे मुगलराज के पतन के बाद हुआ था, जिस का पूरा लाभ ईस्ट इंडिया कंपनी ने उठाया जो व्यापार करते करते शासक बन बैठी.

चुनाव आयुक्त वह नियंत्रक है जो देश के लोकतंत्र को बचा सकता है पर अगर वह लोकतंत्र की लूट होते देख चुप रहता है तो इस लूट का भागीदार उसे भी माना जाएगा. विपक्षी दल इस ओर दबे मुंह से शिकायत कर रहे हैं पर वे मुखर नहीं हो रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि चुनाव आयोग भी पीएमओ के कीकर के जंगल का हिस्सा ही है. सरिता से साभार...




# नौसेना की कार्रवाई, क्या भारत ने दुनिया को दिया है कोई संकेत

**दीपक मंडल**

भारतीय नौसेना के इलीट मरीन कमांडो ने लाइबेरिया के झंडे वाले समुद्री जहाज को अपहरण से बचा लिया. एमवी लीला नॉरफॉक नाम के इस समुद्री जहाज में चालक दल के 21 सदस्यों में से 15 भारतीय थे. हालांकि ऑपरेशन के दौरान वहां अपहरणकर्ता नहीं मिले लेकिन मरीन कमांडो उन्हें अभी भी तलाश रहे हैं. उत्तरी अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की खासी चर्चा है. ये कहा जा रहा है कि भारत ने पहली बार एक बड़े ऑपरेशन के जरिये अरब सागर में अपनी रणनीतिक अहमियत का अहसास कराया है. इसे अरब सागर में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का एलान भी माना जा रहा है. केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से इसे भारतीय नौसेना को लगातार मजबूत करने की कोशिश के तौर पर पेश किया जा रहा है, जो अरब सागर में किसी भी चुनौती के लिए तैयार है.

विश्लेषकों का कहना है कि मौजूदा दौर में जब लाल सागर में समुद्री जहाजों के अपहरण बढ़ रहे हैं और अमेरिकी नौसेना हूती विद्रोहियों से जूझने में लगी है तब अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की अहमियत काफी बढ़ गई है. ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन में मैरीटाइम पॉलिसी इनिशिएटिव के हेड अभिजीत सिंह ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स से कहा, हाल की घटनाओं से ऐसा लगता है एंटी-पाइरेसी (दस्यु विरोधी अभियान) में लगे नौसेना बलों का पूरा ध्यान अदन की खाड़ी से लाल सागर की ओर आ गया है और इसका फायदा उठा कर समुद्री दस्युओं ने अरब सागर में अपनी गतिविधियां बढ़ा दी हैं. भारत अमेरिका के नेतृत्व वाली यूनिट रेड सी टास्क फोर्स का हिस्सा नहीं है. अरब सागर हिंद महासागर का उत्तर पश्चिमी इलाका है. ये पश्चिम में अरब प्रायद्वीप और पूरब में भारतीय उप महाद्वीप के बीच स्थित है. ये लाल सागर को ओमान की खाड़ी से जोड़ता है. अरब सागर की सीमा यमन,ओमान,पाकिस्तान, ईरान, भारत और मालदीव को छूती है. अरब सागर एक ऐसा समुद्री क्षेत्र है जो कई अहम शिपिंग लेन और बंदरगाहों को जोड़ता है. इसलिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए ये एक अहम रास्ता बन जाता है. अरब सागर तेल और प्राकृतिक गैस का भी बड़ा भंडार और इस क्षेत्र में ऊर्जा का अहम संसाधन भी है. अरब सागर में ईरान, भारत और अमेरिका के नौसैनिक ऑपरेशन चलते हैं और यहां उनके कई नौसैनिक अड्डे भी हैं. इसलिए क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए अरब सागर भारत के लिए अहम समुद्री इलाका है. प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर अफ्रीका और मध्यपूर्व के देशों से लेकर एशियाई देशों के श्रम बाजारों और मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के लिए अरब सागर में स्थिरता बेहद जरूरी है. इसलिए ग्लोबल अर्थव्यवस्था में इसकी भूमिका बड़ी है. हाल के दिनों में चीन हिंद महासागर के तटीय देशों का मजबूत पार्टनर बनकर उभरा है. चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत समुद्री सिल्क रूट ने इन देशों के बीच आर्थिक और सैन्य सहयोग के लिए अहम प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया है. इन देशों के बीच चीन की बढ़ती पैठ भारत के लिए चिंता की बात है. 2017 में चीन ने हिंद महासागर के तट पर जिबूती में अपना पहला विदेशी सैन्य अड्डा शुरू किया. फ्रांस, जापान और अमेरिका के अड्डे पहले से ही यहां हैं. चीन की मौजूदगी यहां इन देशों के साथ ही भारत के लिए चुनौती बन गई है.



जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में चीनी अध्ययन केंद्र के एसोसिएट प्रोफेसर अरविंद येलेरी कहते हैं, ÷भारत ने कई बार यहां चीनी मर्चेंट शिप को भी सुरक्षा दी है और उनके लिए इस तरह के हमलों की आशंकाओं के बीच उन्हें खतरों से बाहर निकाला है. भारत की अरब सागर में अपनी एक विशेषज्ञता है और इसे नजरअंदाज करना मुश्किल है. अरब सागर में भारतीय नौसेना को चुनौती देना इतना आसान नहीं है. पिछले महीने भारतीय नौसेना ने अरब सागर में माल्टा के जहाज को समुद्री लुटेरों से बचाने की पहल की थी. 23 दिसंबर को लाइबेरिया के झंडे वाले एक व्यापारिक जहाज एमवी केम प्लूटो को ड्रोन हमले का निशाना बनाया गया. ये जहाज मैंगलोर आ रहा था. और इसके चालक दल के 22 सदस्यों में से एक 21 भारतीय थे. इसके बाद गैबन के झंडे वाले एक ऑयल टैंकर एमवी साईबाबा पर भी लाल सागर में ड्रोन हमला हुआ था, जिसके चालक दल में 25 भारतीय थे.

भारतीय नौसेना ने भी कहा है कि इस तरह की घटनाएं अब भारत के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन में हो रही हैं. लिहाजा भारत के लिए बड़े कदम उठाना अपरिहार्य हो गया था. इन घटनाओं को देखते हुए भारत ने पहले ही अरब सागर में अपने पांच युद्धपोत तैनात कर दिए थे. इसके साथ ही गश्ती विमान,ड्रोन और ड्रोनियर विमान भी निगरानी में लगा दिए गए थे. यानी भारत अरब सागर में जहाजों पर हमले बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं था. शुक्रवार को भारतीय नौसेना की कमांडो कार्रवाई ने ये साबित कर दिया. अरविंद येलेरी कहते हैं, भारत के इस ऑपरेशन का सामरिक महत्व है. पहली बात है कि भारत ये दिखाना चाहता है कि उसकी नौसेना के पास ऐसी घटनाओं को रोकने की क्षमता है और दूसरी बात ये कि जो अंतरराष्ट्रीय शिप कंपनियां इस रूट पर कारोबार कर रही हैं उनको भारत की जरूरत है और वो उसकी भूमिका को नजरअंदाज नहीं कर सकते. कारोबार के लिहाज से भी अरब सागर में भारत की ये कार्रवाई काफी अहम है. क्योंकि यहां से मर्चेंट शिप भूमध्यसागर और फिर स्वेज नहर की ओर जाते हैं और जहां से ग्लोबल ट्रेड की एक बड़ी सप्लाई लाइन आगे यूरोपीय देशों और अमेरिका से जुड़ती है. पिछले कुछ समय में हिंद महासागर और अरब सागर से लगे कई छोटे देशों का चीन की ओर झुकाव बढ़ता दिखा है. विश्लेषकों का कहना है कि भारत की ये कार्रवाई इन देशों के लिए एक संदेश है. अरविंद येलेरी कहते हैं, ÷अरब सागर और हिंद महासागर के तट से सटे चीन की ओर झुकाव वाले जिन छोटे देशों को लग रहा है कि भारत यहां मनमानी कर रहा है उनको भी एक संदेश दिया गया है.

वो कहते हैं, भारत ने इस कार्रवाई के जरिये ये साफ संदेश दिया है कि आप चाहे जो कहें लेकिन यहां के समुद्री रास्तों और संचार को वही नियंत्रित करता है. लिहाजा जरूरत पड़ने पर मदद के लिए भारत को ही बुलाना होगा. चीन दौड़ कर नहीं आने वाला. इस कार्रवाई के जरिये भारत ने इस संदेश को एक बार फिर दोहराया है. दरअसल अरब सागर भारत के रीजनल या एक्सक्लूसिव जोन से सटा हुआ है. यहां चीन की नौसेना नहीं आ सकती है और न रुक सकती है. वो यहां लंबे समय तक ऑपरेशन भी नहीं चला सकती है. अरविंद येलेरी कहते हैं, लंबे समय के ऑपरेशन खास कर जहाजों के सर्कुलेशन, फ्यूलिंग से लेकर, नौकाओं और तटरक्षक बलों की आवाजाही,नाविकों की बदलने से जुड़ी गतिविधियां भारत ही कर सकता है. ये उसी का अधिकार है.चीन ये काम यहां नहीं कर सकता.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 36:एक अनूठी यात्रा पर राम और लक्ष्मण

**डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



राम-लक्ष्मण ने तत्काल तिनकों और पत्तों का बिछौना गुरुदेव के लिए तैयार कर दिया। तीनों ने उपलब्ध आहार ग्रहण किया। गुरुदेव ने कहा, ''अब तुम दोनों भी विश्राम करो!'' महलों में सुखपूर्वक रहने वाले राम और लक्ष्मण के लिए गुरु के सानिध्य में तिनकों और पत्तों की शय्या भी लाखों रुपए मूल्य के पलंगों से बढ़कर थी। विश्वामित्र जी और राम-लक्ष्मण ने आगे प्रस्थान किया।वे सरयू और गंगा नदी के संगम पर पहुंचे। वहां स्थित एक आश्रम में मुनियों ने उनका स्वागत किया। प्रातः काल ऋषि विश्वामित्र और राम-लक्ष्मण गंगा नदी की ओर बढ़े। गंगा नदी के दर्शन कर तीनों का मन आल्हादित हो गया। पुण्यसलिला गंगा की अपार जल राशि को देखकर राम और लक्ष्मण हर्षित हैं। राम और लक्ष्मण ने गंगा के पवित्र जल का स्पर्श किया और अपने शीश पर जल की कुछ बूंदें ग्रहण कीं।

''गुरुदेव! यह तो अंग देश का क्षेत्र है न?'' राम ने पूछा।


''हां राम! अब हम गंगा नदी को पार कर आगे बढ़ेंगे।'' विश्वामित्र जी ने कहा। ''हमने तो सुना है गुरुवर कि दंडक वन दक्षिण में है।'' लक्ष्मण ने पूछा। ''दंडकारण्य तो विंध्याचल के पार ही माना जाता है। तथापि सुदूर दक्षिण के राक्षसों ने जम्बूद्वीप के इस उत्तरी क्षेत्र को भी दंडकवन जैसा दुर्गम बना रखा है। ऋषि-मुनि और यहां के प्रजाजन असुरक्षित हो गए हैं।पहले इस क्षेत्र में धर्म और न्याय की रक्षा करनी होगी राम-लक्ष्मण। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब यह समूचा राष्ट्र एक विशाल दंडक वन बन जाएगा।'' गुरु विश्वामित्र ने चिंतित स्वर में कहा। राजा दशरथ को गुप्तचरों से दंडक वन में अशांति की सूचना थी। महर्षि विश्वामित्र ने भी इसी शब्द का प्रयोग किया था ताकि महाराज दशरथ राक्षसी प्रवृत्ति के विस्तार के गंभीर खतरे को समझें और वे राम-लक्ष्मण को भावी कठिन अभियानों में भेजने के लिए मानसिक रुप से तैयार हो सकें। महर्षि विश्वामित्र त्रिकालदर्शी हैं। संभव है,उन्होंने भविष्य के लिए राम और लक्ष्मण की दक्षिण क्षेत्र में एक बड़े अभियान की आवश्यकता देखी हो। हजारों वर्ष पूर्व का भारत। भारत में अयोध्या से श्रीलंका और अयोध्या से जनकपुर तक दुर्गम घने वन हैं। इनके बीच सरयू, गंगा, गोदावरी जैसी अनेक नदियां हैं। भारत के अनेक विशाल क्षेत्रों में विरल जनस्थान हैं। वहां राक्षस अपना आधिपत्य स्थापित करने के प्रयत्न में हैं।

(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है।श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है,लेकिन यह चिर प्रासंगिक है। युगों-युगों तक इसकी उपयोगिता है। श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं। इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)

## शब्द सामर्थ्य -302
(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्यभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वावलंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 301का हल**



## सू- दोकू क्र.302

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.301का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## सामयिक चर्चा

### अब तो हर काम में राजनीति है

बानी बोले - गजाधर!
सुनिए आज राम मंदिर के संबंध में
अखबारों में छपी खबर -
कांग्रेस ने बुधवार को कहा
कि पार्टी नेतृत्व को अयोध्या में
राम मंदिर उद्घाटन समारोह में
हिस्सा लेने का आमंत्रण दिया है।
लेकिन यह आयोजन भाजपा और
राष्ट्रीय सेवक संघ कर रहा है,
इसलिए पार्टी नेताओं ने इस कार्यक्रम में
नहीं जाने का निर्णय लिया है।
आगे यह भी कहा गजाधर !
कि एक अर्द्धनिर्मित मंदिर का उद्घाटन,
केवल चुनाव लाभ के लिए,
किया जा रहा है।
और नयी दिल्ली से एक ऐसा भी
समाचार आ रहा है गजाधर!
कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में
चारों शंकराचार्य नहीं जाएंगे
उनमें से एक ने तो ये भी कहा
कि धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के प्रधानमंत्री
गर्भगृह में जाकर
देव विग्रह में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम करेंगे।
ये शास्त्रोंक्त विधि नहीं है।
जहां शास्त्रीय विधि का पालन नहीं हो
वहां हमारे रहने का कोई औचित्य नहीं है।
ऐसी 'नहीं-नहीं' की स्थिति में,
गजाधर ! आप हमसे कहेंगे,
कि समदर्शी प्रभु श्रीराम क्या सोचते होंगे?
गजाधर मुस्कराए, बोले - बानी !
भक्त वत्सल हमारे भगवान श्रीराम
इन सब विवादों से दूर, शबरी आश्रम
से शबरी के झूठे बेर खाते होंगे।



**गिरीश बख्शी**

## लघुकथा

### // वसीयतनामा //

''एक ही घर में अब एक साथ रहना बहुत मुश्किल है बाबूजी। मुझे अपना हक चाहिए।'' बड़े बेटे राजेश ने अपनी बात रखी। ''आज तुम्हें क्या हुआ राजेश! पहले तो ऐसी बातें नहीं किया करते थे; और बेटे, एक साथ रहने में ही सबकी भलाई है। ''बूढ़े व बीमार पिता गोपाल जी ने कहा-'' देखो राजेश बेटे, तुम बड़े हो। समझदारी से काम लो बेटा। प्रेम, सहयोग व एकता से घर की उन्नति होती है। ''लेकिन तुम्हें...?''

''लेकिन.... भैया ठीक ही कह रहे हैं बाबूजी।'' गोपाल जी की आधी अधूरी बात पर छोटे बेटे सुजीत ने अकड़ते हुए कहा-''बाबूजी, अब एक साथ गुजारा सम्भव नहीं है। मैं भी उनके साथ नहीं रह सकता; चाहे तो आप मेरे साथ रह सकते हैं।''

''मेरे बेटे...! वृक्ष से अलग होकर पत्तियाँ मुरझा जाती हैं। यह पेड़ के लिए भी दुखदाई होता है। सो, मैं भी अपने जीते जी...'' गोपाल जी आगे कुछ कह ही रहे थे, तभी राजेश कहने लगा-''ठीक है बाबूजी, पर आप अपना वसीयतनामा तो बना सकते हैं।''

''मुझे भी वसीयतनामा से कोई ऐतराज नहीं है।'' सुजीत ने संतुष्टि जताई। फिर अपने श्वेत केश पर उंगलियां फेरते हुए गोपाल जी बिस्तर से उठे; और राष्ट्रपिता बापू की तस्वीर को एकटक निहारते रहे।



टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''
व्याख्याता (अंग्रेजी)
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)
सम्पर्क : 9753269282.

## राशिफल




**मेष**
कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले छात्रों की बात करें तो कल आप अपने दफ्तर में अपने कार्य के प्रति बहुत अधिक उत्साहित रहे, क्योंकि कल आपके आत्मविश्वास में कुछ कमी देखने को मिल सकती है. कारोबारियो को कल अपने स्वभाव में विनम्रता बनाए रखनी होगी।



**वृषभ**
नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो जो जातक नौकरी के लिए परेशान चल रहे थे उन्हें जल्द ही राहत मिल सकती है. उनकी नौकरी लग सकती है और आपकी परेशानियां भी ठीक होते दिखाई दे रही हैं. व्यापार में किसी प्रकार का परिवर्तन करना चाहते हैं तो उसके लिए आप परेशान ना हो.



**मिथुन**
कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने दफ्तर में अपने सहकर्मियों से सहयोगात्मक व्यवहार करें, ऐसा करना आपके लिए बहुत अधिक अच्छा रहेगा. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल व्यापारियों को किसी प्रकार का नुकसान हो सकता है।



**कर्क**
नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो डिफेंस सेक्टर में नौकरी करने वाले जातकों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा. उनके मन की इच्छा पूरी हो सकती है, जो वहां पहले से काम कर रहे हैं कल उनका प्रमोशन भी हो सकता है, जिससे आप बहुत अधिक खुश रहेंगे. व्यापार करने वाले जातकों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा।




**सिंह**
कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपने ऑफिस के नियमों का पालन बहुत ही सावधानी से करें. आपसे कोई गलती ना हो इस बात की आप कोशिश करें. ऑफिस की छोटी-छोटी बातों पर आपको नहीं उलझना है अन्यथा आप किसी वाद-विवाद में फंस सकते हैं।



**कन्या**
नौकरी करने वालों को कल कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, मजबूती से सभी का मुकाबला करें. व्यापारियों के लिए कल का दिन आर्थिक स्थिति के लिए शुभ रहेगा, व्यापारियों का निवेश के बारे में प्लान बनेगा. आपका व्यापार अच्छा चलेगा आपको उसमें आपकी प्राप्ति हो सकती है जिससे आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी.



**तुला**
कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल हम अपने कार्यक्षेत्र अपनी टीम को एक साथ करके काम करने का प्रयास करें, एक साथ आपके कार्यों को कर पाने में सफल रहेंगे. व्यापारियों को कल आर्थिक नुकसान के चलते कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।



**वृश्चिक**
नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो ऑफिस में आप अपने सहकर्मियों के साथ छोटी -छोटी बातों पर किसी प्रकार का कोई विवाद ना करें अन्यथा, आपका किसी से झगड़ा हो सकता है. आप किसी भी बात का घमंड ना करें. अहम के कारण आपका किसी से टकराव हो सकता है.



**धनु**
नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आपका मन कल किसी बात को लेकर अशांत हो सकता है, इसलिए आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों में अधिक से अधिक ध्यान लगाए तथा आय से अधिक खर्चा ना करें अन्यथा, आपको आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है और आप बहुत अधिक परेशान भी हो सकते हैं.



**मकर**
कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको अपने ऑफिस के कार्य के सिलसिले में किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है. आप अपने दफ्तर में कर्मचारी कम होने के कारण वर्कलोड से परेशान रहेंगे. आप अपने रेस्टोरेंट आदि में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें।



**कुंभ**
कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके दफ्तर मे कार्य करने के लिए आपको अपने परिवार के जैसा वातावरण मिल सकेगा. आप अपने रुके हुए महत्वपूर्ण कार्य को बनाने का प्रयास करें, इससे आपको बहुत अधिक प्रसन्नता होगी. व्यापारियों को अपना फोकस अपने व्यापार पर बढ़ाना होगा.



**मीन**
कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जूते की बात करें तो कल आपको अपने कार्य क्षेत्र में लाभ प्राप्त करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ सकता है. आपके ऊपर आपके दफ्तर में कार्य का भार बहुत अधिक होने से आप बहुत अधिक परेशान रहेंगे. आप अपने लाभ के प्रति फोकस बनाए रखें।

# भारत विश्व गुरु साथ विकसित भारत भी होगा - अनंत तिवारी



**राजेश मेश्राम**

जोंधरा (दावा)। भंडारीभरदा विकसित भारत संकल्प यात्रा में आज दर्जन से भी ज्यादा सेवाओं और योजनाओं का लाभ प्राप्त कर ग्रामीणों ने मोदी जी को कहा धन्यवाद। मोदी जी मेरी कहानी मेरी जुबानी के द्वारा बताया अपनी योजना से मिली विभिन्न लाभ, उक्त कार्यक्रम में दर्जन से अधिक इंस्टॉल लगे थे, आधारकार्ड सुधार से लेकर आवास हो चाहे, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास की सुविधाओं का बड़ी मात्रा में लोगों ने लाभ उठाया, इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि अनंत तिवारी (जिला मंत्री भाजयमो), सहित जिला शोशल मीडिया सहप्रभारी नवीन साहू, सरपंच उर्मिला भंडारी, ग्राम पटेल, पूर्व सरपंच, पंचायत की टीम सहित स्थानीय अधिकारी उपस्थित रहे। श्री तिवारी ने कहा भारत में हर व्यक्ति इतना सबल हो कि उसकी क्षमता से 4 लोगों का भी पेट पल सके ये मोदी जी का संकल्प है की भारत का हर नागरिक आत्मनिर्भर हो, और अंतिम छोर में बैठा व्यक्ति भी इससे

### भंडारीभरदा के विकसित भारत संकल्प यात्रा में ड्रोन ट्रायल

अछूता न रहे।

अपने उद्बोधन में श्री तिवारी ने इस बात का भी जिक्र किया की भारत अखंड बने भारत विश्व गुरु बने, श्री तिवारी ने कहा कि हमें हर घर हर व्यक्ति हर गली में जा कर मोदी जी की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना है, हमारी केंद्र सरकार की सैकड़ों योजनाएं है जिसके लाभ हर व्यक्ति को मिला है, कोविड के इस भयानक काल में मोदी जी ने जन जन को सबल देने के लिए भारत में उत्साह की तरह कोविड से लड़ा श्री तिवारी ने कहा हम उस देश के प्रधानमंत्री का धन्यवाद करें, जिसने राम मंदिर भी बनवा है तो एक तरफ दर्जन से ज्यादा आईआईटी भी बनवाया है, महाकाल लोक बनाया है तो इसके साथ साथ वंदे भारत जैसे आत्मनिर्भर भारत ट्रेन भी इस देश को दिया है, कश्मीर में 370 का कलंक भी हटाया है तो भारत को सुंदर चमचमाती ग्रीन एक्सप्रेस भी दिया है। मोदी जी दूर दृष्टि रखते है इस लिए उनके संकल्प को पूरा करने में हमारा भी योगदान है। नवीन साहू जी ने कहा भारत विकसित यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत देश का विकास करना है, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे देश चहूमुंखी विकास की ओर अग्रसर हैं, 2047 तक भारत देश विश्व गुरु बनाने का लक्ष्य रखा है।

# फुटबॉल के स्वर्ण जयंती पर खिलाड़ियों की दरकार, सुविधा मिले तो राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगें गांव से



डोंगरगांव (दावा)। शहर से सटे ग्राम लक्ष्मीनगर घुघवा साल्हे में 10 से 14 जनवरी तक आदर्श नवयुवक समिति, न्यू टायगर क्लब एवं ग्रामीणों के सहयोग से प्रतिवर्ष फुटबॉल का रोमांचक आयोजन किया जा रहा है जिसमें अन्य राज्यों के खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं। विगत 50 वर्षो से आदर्श प्रस्तुत करते हुए युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जयंती पर ग्रामीण स्तर पर सीमित संसाधनों में इस ग्राम में होनहार और खेल प्रेमियों की रूचि के चलते यह आयोजन इस वर्ष राज्य स्तरीय फुटबॉल मैच के स्वर्ण जयंती के रूप में खेला जा रहा है. वर्तमान में यह पूरा आयोजन केवल ग्रामीणों के हौसले और मदद के भरोसे चल रहा है। फुटबॉल मैच आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और ग्रामीणों को मदद की दरकार है। शासन प्रशासन स्तर पर सहयोग मिलने से इस आयोजन को आने वाले समय में और बेहतर किया जा सकेगा और ग्राम और क्षेत्र के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगें। इस मामले को लेकर स्थानीय प्रशासन व नेताओं से कई बार ग्रामीणों ने अपनी मांगें रखी हैं किन्तु अब तक कहीं से कोई विशेष सहयोग नहीं मिल पाया है। बता दे कि पूरे क्षेत्र में अब डोंगरगांव के समीप बरगांव, मनेरी और लक्ष्मीनगर घुघवा साल्हे में ही फुटबॉल मैच प्रतिवर्ष देखने मिल रहा है जबकि बीते वर्षों में डोंगरगांव शहर सहित क्षेत्र के अनेक ग्रामों में फुटबॉल मैच का आयोजन होता था जो कि अब क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की निश्क्रियता और अरूचि के चलते समाप्त प्रायः हो चला है।

शुक्रवार को खेले गए प्रथम मैच उकवा माइंस एवं मानपुर के मध्य खेला गया जिसमें उकवा माइंस ने मानपुर को 7-0 गोल से विजयी रहा और दूसरा मैच छिंदवाड़ा व अंबागढ़ चौकी के मध्य खेला गया जिसमें छिंदवाड़ा 2-1 से विजयी रहा और तीसरा मैच उकवा माइंस व खुर्सीटिकुल के मध्य खेला गया, जिसमें उकवा माइंस 4-0 गोल से विजयी रहा। आज शनिवार 13 जनवरी को तिरोड़ी, मनेरी एफसी, फ्रैंक ब्रदर्स राजनांदगांव, पुलिस लाइन राजनांदगांव, आजाद स्टार झारखंड, छिंदवाड़ा, घुघवा साल्हे (न्यू टाइगर क्लब) टीमों का मुकाबला होगा।

# पहला कॉलम...

## युवाओं ने सुना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन




बालोद(दावा)। युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के जंयती पर महाराष्ट्र राज्य के नासिक शहर में आयोजित 27वें राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए संबोधन को बालोद जिले के युवाओं ने भी वर्चुअली सुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि समय हर किसी को उनके जीवन का सुनहरा अवसर जरूर प्रदान करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के युवाओं का प्रत्येक क्षेत्रों में बहुमूल्य भागीदारी एवं उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज हमारे युवाओं के पास इतिहास बनाने का सुनहरा अवसर है। उल्लेखनीय है कि बालोद जिला प्रशासन द्वारा आज जिला पंचायत सभाकक्ष में युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनादेवी देशलहरा, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, केसी पवार, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संध्या भारद्वाज, राकेश बाफना, पालक ठाकुर, शरद ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## विकासखण्ड स्तरीय अंगना म शिक्षा का एकदिवसीय प्रशिक्षण डोंगरगढ़ में सम्पन्न



डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा राजनांदगांव एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक के निर्देशानुसार 10 जनवरी को विकासखंड कार्यालय डोंगरगढ़ में विकासखण्ड स्तरीय अंगना म शिक्षा 4.0 का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पूजा अर्चना के साथ हुआ। आज का प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ विरेन्द्र कौर मांगट मैडम एवं विकासखण्ड स्रोत समन्वयक महेन्द्र श्रीवास्तव की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित सभी शिक्षकों एवं संकुल समन्वयकों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी इस प्रशिक्षण को पूरी लगनशीलता एवं गंभीरता के साथ लेवें जिससे कि इसका क्रियान्वयन शाला स्तर पर बेहतर ढंग से हो सके और इस कार्यक्रम का जो मुख्य उद्देश्य है, उसकी प्राप्ति हो सकें।

प्रशिक्षण, मास्टर ट्रेनर श्रीमती कमलेश्वरी वर्मा मैम एवं सुश्री रुखमणी मंडावी मैम द्वारा अंगना म शिक्षा के सभी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बहुत ही बेहतर ढंग से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रथम संस्था की तरफ से मुकेश साहू सर और संकुल समन्वयक राजेन्द्र ठाकुर का विशेष सहयोग रहा।

आज के प्रशिक्षण में अंगना म शिक्षा 4.0 के अन्तर्गत माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च के भाषायी एवं गणितीय गतिविधि, माह अप्रैल में पढ़ाई तिहार, अंगना म शिक्षा के अंतर्गत बालमेला, सपोर्ट कार्ड, वर्णमाला, अक्षर, गिनती, सरल शब्द पढ़ना इत्यादि के विषय मे मास्टर ट्रेनरों द्वारा विस्तार से बताया गया। आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखण्ड डोंगरगढ़ के 39 संकुलों के संकुल शैक्षिक समन्वयक एवं अंगना म शिक्षा प्रभारी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने अपनी विशेष सहभागिता प्रदान किये।

## गुहाराज जयंती 16 को बरगांव में

डोंगरगाँव (दावा)। शहर से सटे ग्राम बरगांव में 16 जनवरी मंगलवार को गुहाराज जयंती का आयोजन किया गया है, इस संबंध में जानकारी देते हुए समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रातः 11 बजे शोभायात्रा एवं दोपहर 1 बजे पूजन अर्चन होगा। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक सहित जागृति चुन्नी यदु जिला पंचायत सदस्य राजनांदगांव, टिकेश साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव, नरबद बाई जपं सदस्य, हीरा निषाद नपं अध्यक्ष डोंगरगांव उपस्थित होंगें, वहीं आयोजन के दौरान शाम 7 बजे गंगा मानस परिवार ग्राम टेकापार जिला बालोद का कार्यक्रम आयोजित है।

# पालिका क्षेत्र के रहवासियों को मिले अमृत मिशन योजना का लाभ

### नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में जिला कलेक्टर के नाम दिया गया ज्ञापन



डोंगरगढ़(दावा)। नगर पालिका क्षेत्र में निवासरत आम जनों को अमृत मिशन योजना का लाभ दिलाने, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। पालिका में नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वकांक्षी योजनाएं/कार्यक्रम मिशन (अमृत) का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 25.06.2015 को किया गया था। इस मिशन का उद्देश्य शहरों/कस्बों में बुनियादी शहरी अवसंरचना में सुधार करना है।

अमृत मिशन को हर घर में पानी की सुनिश्चित आपूर्ति और सीवरेज कनेक्शन के साथ सभी घरों तक नल पहुँच को सुनिश्चित करने का कार्य किया जाना है। किंतु नगर पालिका डोंगरगढ़ क्षेत्र के रहवासी आमजन इस महत्वाकांक्षी योजना से वंचित है। जनहित के लाभ के लिए इस योजना को डोंगरगढ नगरपालिका क्षेत्र में शीघ्र अतिशीघ्र लागू करने की आवश्यकता है। जिससे सभी इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर श्री छाबडा के साथ नगर पालिका की पार्षद श्रीमती अनिता लोकेश इन्दुरकर पार्षद हरीश मोटघरे, कमलेश धमगाए, कुसुम मरकाम, डीकेश राव, सुरेश मरकाम, लोकेश इन्दुरकर, प्रिंस कक्कड़, अखिलेश सिंह गढ़वाल, मनीष चक्रवर्ती, गिरीश साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### जिला कलेक्टर का निर्देश मिलते ही, आम जनों को मिलेगा लाभ - एसडीएम

श्री छाबड़ा के अनुसार एसडीएम गिरीश रामटेके द्वारा बताया गया कि जिला कलेक्टर का निर्देश मिलते ही योजना का लाभ आम जनों को मिल सके, इस दिशा में प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाएगा।

# कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्र बेलमाण्ड एवं पीपरछेड़ी का निरीक्षण

बालोद (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज जिले के बालोद विकासखण्ड के धान खरीदी केंद्र बेलमाण्ड एवं पीपरछेड़ी का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को धान खरीदी केंद्रों में सुचारू रूप से धान खरीदी का कार्य संपन्न हो सके इसके लिए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से धान खरीदी केंद्रों में कुल धान खरीदी, उठाव एवं बारदानों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र बेलमांड में पंजीकृत कुल 1045 किसानों में से 830 किसानों एवं पीपरछेड़ी में पजीकृत 1166 किसानों में से 1001 किसानों द्वारा धान की बिक्री की जा चुकी है। इस तरह से धान खरीदी केंद्र बेलमाण्ड में कुल 80 प्रतिशत एवं पीपरछेड़ी में कुल 86 प्रतिशत किसानों द्वारा अपनी धान की बिक्री की गई है। इस दौरान कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित किसानों से बातचीत कर धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। किसानों ने बताया कि उन्हें धान खरीदी केंद्रों में अपनी धान की बिक्री करने में किसी प्रकार की समस्या नहीं हो रही है।

# नई शिक्षा नीति का उद्देश्य बहुविषयक अध्ययन व्यवस्था को स्थापित करना-शालिनी सोनी




राजनांदगांव (दावा)। दिग्विजय महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा रॉयल किड्स कान्वेंट में नई शिक्षा नीति पर कार्यक्रम अग्रणी दिग्विजय नवीन शिक्षा नीति 2020 (विस्तार गतिविधि )के अंतर्गत समाज कार्य विभाग द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के संबंध में रॉयल किड्स कान्वेंट, राजनांदगांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल.टांडेकर के निर्देशन में एवं समाज कार्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम अतिथि प्राध्यापक श्रीमती शालिनी सोनी द्वारा नई एजुकेशन पॉलिसी के उद्देश्य व महत्व के संबंध में प्रकाश डाला गया। उनके द्वारा बताया गया की नई शिक्षा नीति शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, नवाचार एवं शोध को बढ़ावा देने हेतु लाया गया है तथा साथ ही इसके द्वारा भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

शिक्षा को परंपरागत संकुचित दायरे से निकाल कर आधुनिक 21वीं शताब्दी के ज्ञान एवं विचारों से जोड़ना है, साथ ही इस शिक्षा नीति का उद्देश्य बहुविषक अध्ययन व्यवस्था को स्थापित करना है, तथा कौशल शिक्षा एवं रोजगार उन्मुख शिक्षा को बढ़ावा देना है। समाज कार्य विभाग के अतिथि प्राध्यापक सुश्री तारिणी साहू के द्वारा 12वीं के बाद कॉलेज स्तर पर विषय का चयन किस प्रकार करें, इसके संबंध में विस्तार से बच्चों को पीपीटी के माध्यम से बताया गया। उन्होंने बताया की किस तरह मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम कोर्स, कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम का चुनाव किया जा सकता है तथा किस प्रकार जनरल इलेक्टिव के द्वारा गणित का विद्यार्थी विज्ञान के विषय भी चुन सकता है, और कला क्षेत्र का विद्यार्थी वाणिज्य के विषय भी चुन सकता है अर्थात विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विषय का चयन कर सकते हैं।

प्राध्यापक साहू के द्वारा विषय चयन के संबंध में विद्यार्थियों को विषय चयन एवं क्रेडिट के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। समाज कार्य विभाग के विद्यार्थी अमित चौबे के द्वारा नई शिक्षा नीति के संबंध में विस्तार से जानकारी विद्यार्थियों को दी गई, उनके द्वारा बताया गया कि नई शिक्षा नीति की आवश्यकता क्यों है तथा उनके क्या महत्व है। इसके संबंध में जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। कार्यक्रम में स्कूल के 10वीं 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थी सम्मिलित हुए, कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग से प्राध्यापकगण सुश्री तारिणी साहू, श्रीमती शालिनी सोनी, विद्यार्थी अमित चौबे, प्रिया गोलकुंडे, संस्कृति बस, हूमेश कुमार साहू, स्वप्निल गजभिए उपस्थित रहे तथा रॉयल किड्स स्कूल के प्राचार्य मधुसूदन नायक एवं शिक्षकगण श्रीमती कुलविंदर कौर, देवेंद्र कुमार, मनीष कुलकर्णी अंजलि पंसारी उपस्थित रहे।

# अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्यवाही, 2 आरोपी गिरफ्तार





बालोद (दावा)। पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील नायक जिला बालोद व नगर पुलिस अधीक्षक राजेश बागड़े के मार्गदर्शन में अवैध जुआ सट्टा, शराब के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना राजहरा मे 11 जनवरी को थाना राजहरा स्टाफ के द्वारा टाउन में अवैध रूपये से शराब विक्री व परिवहन करने वालों के विरूध्द कार्यवाही किया गया जिसमें आरोपी नेमिन बाई साहू पति स्व. संतराम साहू उम्र 49 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 17 कोण्डे पावरहाउस राजहरा को वार्ड क्रमांक 15 राजहरा के होटल में अधिक मात्रा मे शराब रखकर बिक्री करते पकड़ा गया, आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक के बोरी में रखे 32 पौवा देशी प्लेन शराब जुमला 5.760 बल्क लीटर जिसकी कीमत 2560 रूपये एवं बिक्री रकम 2850 रूपये कुल कीमत 5410 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है।

इसी प्रकार आरोपी प्रमोद विश्वकर्मा पिता शंकर विश्वकर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 04 टेबलर सेट राजहरा थाना राजहरा को घटना स्थल आईटीआई राजहरा के पास अधिक मात्रा में शराब रखकर बिक्री हेतु परिवहन करते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक काला रंग के थैला में 31 पौवा देशी प्लेन शराब जुमला 5.580 बल्क लीटर जिसकी कीमत 2480 रूपये एवं बिना नम्बर की स्कूटी मोटर सायकल जिसकी कीमत 20,000 रूपये कुल कीमत 22,480 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है।

# सीताकसा में गैंदाटोला जोन स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न



कल्लूबंजारी (दावा)। स्वस्थ तन में स्वस्थ मन का वास होता है इसलिए बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद आवश्यक है। उक्त विचार प्राचार्य व्ही. के. मंडलोई ने जोन स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता के अवसर पर व्यक्त किया। गत 09 एवं 10 जनवरी को गैंदाटोला जोन स्तरीय दो दिवसीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता सीताकसा में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में जोन आश्रित छः संकुल के लगभग 600 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें जोशीलमती संकुल प्रथम एवं गैंदाटोला संकुल द्वितीय रहा। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच लाजवंतीन ठाकुर रहे, अध्यक्षता गैंदाटोला के संकुल प्राचार्य व्ही.के.मंडलोई ने किया। विशेष अतिथि उपसरपंच लखन कोर्राम, सी.एम.साहू, एस.के.साहू, बाबूलाल साहू, गजेन्द्र कुमार भूआर्य, छोटेलाल भूआर्य, घनश्याम कोर्राम एवं कमल मंडावी रहे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य प्रतिमा साहू रहे, अध्यक्षता प्राचार्य व्ही.के.मंडलोई ने किया। विशेष अतिथि उपसरपंच लखन कोर्राम, कांति साहू, देवंतीन यादव एवं मधुलता सहारे रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ हुआ ध्वजारोहण व सलामी के पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच लाजवंतीन ठाकुर ने कहा कि ग्रामवासियों के सहयोग से हमारे गांव में बच्चों का खेल प्रतियोगिता होने से उत्साह का माहौल निर्मित हो गया। बच्चों को हर खेल को खिलाड़ी भावना से खेलना चाहिये।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य प्रतिमा साहू ने कहा कि खेल हममें एकता एवं भाईचारा की भावना जागृत करती है। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होती है। विजेता खिलाड़ी अपने स्वयं सहित अपने माता-पिता, गुरू, शाला, संकुल, जोन एवं अंचल का नाम रौशन करता है। अध्यक्ष की आसंदी से प्राचार्य व्ही.के.मंडलोई ने कहा कि स्वस्थ तन में स्वस्थ मन का वास होता है इसलिए बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी अतिआवश्यक है। खेलकूद में जीत के लिए अनुशासन का पालन करना होता है। अनुशासित छात्र सफल नागरिक बनते है। गैंदाटोला जोन स्तरीय दो दिवसीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में गैंदाटोला, जोशीलमती, कुहीखुर्द, रामतराई, छुरियाडोंगरी एवं कल्लूबंजारी के लगभग 600 प्रतिभागी बच्चों ने भाग लिया जिसमें जोशीलमती संकुल 62 अंक लेकर प्रथम, गैंदाटोला संकुल 50 अंक लेकर द्वितीय एवं रामतराई संकुल 29 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहा। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्राथमिक स्तर पर जोशीलमती संकुल प्रथम एवं कल्लूबंजारी संकुल द्वितीय तथा माध्यमिक स्तर पर कल्लूबंजारी संकुल प्रथम एवं जोशीलमती संकुल द्वितीय रहा। गैंदाटोला संकुल के बच्चों ने नशा पर आधारित हास्य प्रहसन प्रस्तुत कर नशामुक्ति का संदेश दिया। स्वागत भाषण आयोजन प्रमुख गजेन्द्र कुमार भूआर्य, प्रतिवेदन वाचन जोन प्रभारी टोमन साहू, संचालन शेरसिंह परतेती, दिनेश कुरेटी दिलेर, चित्रमाला राठी एवं आभार प्रदर्शन सुकदेव साहू ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीताकसा के ग्रामवासियों, गैंदाटोला जोन के समस्त पीटीआई एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का खास योगदान रहा।

इस अवसर पर संकुल समन्यक टोमन साहू, तोमेश टेकाम, नोहर सिंह हुंडरे, मोहित यादव, शैलेन्द्र कुमार शर्मा, मूलचंद मंडावी, हिमांचल साहू, कविता झलरिया, खिलावन बघवा, पुरुषोत्तम देवांगन, हरिचंद नेताम, किरणबाई जेठूमल, धुरसिंह साहू, गौतम साहू, टुमेश कोर्राम, बरसन यादव, चन्द्रभान डोंगरे, एकनाथ साहू, भुनेश्वरी, तुकाराम साहू, ईश्वरी, सीताबाई यादव, सुलोचना लाऊत्रे, टोकेश्वरी जयमल, ज्ञानचंद भुआर्य, दुर्गाप्रसाद कोटगले, जामुन बाई ठाकुर, वंदना डोंगरे, देवानंद देवांगन, भारत लाल कोटेलकर, सुरेन्द्र घावड़े, कीरत कुमार गणवीर, कल्पलता चन्द्रवंशी, गायत्री यादव, ईश्वर दास मंडावी, अमर दास बंजारे, राकेश कुलेशिया, लोकेश साहू, गोवर्धन देवांगन, अखिलेश खरे, राजूराम चौरे, रामाधीन तारम, दिग्विजय नेताम, जोगेश्वर लाल लाहोत्रे, दुर्गा सोनी, बेबीता साकरे, मनीष साव, भोपेन्द्र कुमार मंडलोई, ओमप्रकाश मंडावी, सहदेव नेताम आदि सहित गैंदाटोला जोन के ग्रामीण, शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्राएं, सफाई कर्मचारी एवं रसोईयां बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सहकारिता विभाग के सचिव डॉ. सी.आर प्रसन्ना ने किया धान खरीदी केंद्र औंराभांठा का निरीक्षण

बालोद(दावा)। सहकारिता विभाग के सचिव डॉ. सी.आर प्रसन्ना ने आज बालोद जिले के प्रवास के दौरान बालोद विकासखण्ड के धान खरीदी केंद्र औंराभांठा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डॉ. सी.आर प्रसन्ना ने अधिकारियों को धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके इसके लिए धान खरीदी केंद्र में जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस दौरान डॉ. प्रसन्ना ने अधिकारियों से धान खरीदी केंद्र में धान के कुल खरीदी एवं उठाव के संबंध में जानकारी ली। मौके पर उपस्थित समिति प्रबंधक ने बताया कि औंराभांठा धान खरीदी केंद्र में कुल पंजीकृत 1536 किसानों में से 1140 किसानों ने अपनी धान की बिक्री कर लिया है। इस तरह से औंराभांठा धान खरीदी केंद्र में कुल 74 प्रतिशत किसानों का धान खरीदी का कार्य पूरा हो चूका है। जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने बताया कि जिले में अब तक कुल 01 लाख 49 हजार 162 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 01 लाख 21 हजार 543 किसानों द्वारा कुल 05 लाख 68 हजार 59 मेट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 1243 करोड़ 95 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 04 लाख 59 हजार 30 मेट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है।

# अंगना म शिक्षा देंगी माता, बच्चे खेल खेल में सीखेंगे भाषा और गणित

**राजनांदगांव (दावा)। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा राजनांदगांव के निर्देशानुसार आज दिनांक 10 जनवरी को बी.टी.आई भवन डोंगरगांव में विकासखण्ड स्तरीय अंगना मा शिक्षा 4.0 प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे के मार्गदर्शन में जिला के सभी विकास खंड अंगना म शिक्षा प्रशिक्षण 4.ह्व दिया जा रहा है जो स्नस्ह्र एवं निपुण भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में कारगर साबित होगा।**

कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की छाया चित्र की पूजन एवं वंदन के साथ हुआ। आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आर.एल. पात्रे एवं विकासखण्ड ने कहा कि माता बच्चों की प्रथम गुरु होती है एवं घर आंगन उनकी प्रथम पाठशाला। सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री रश्मि ठाकुर ने कहा कि अंगना म शिक्षा प्रशिक्षण से माता को प्रशिक्षित करना है। जिससे वे अपने बच्चों को घर में रसोईघर की सामग्रियों से एवं आसपास की वस्तुओं से बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा दे सकती हैं। उनका अभिव्यक्ति क्षमता में विकास कर सकें। पालक और शिक्षकों मिल कर बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है।



विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अरविंद रत्नाकर ने सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण पूरी तन्मयता से लेकर अपने अपने संकुल एवं शाला में क्रियान्वित करने कहा। जिससे हम एफएलएन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें, एस.आर.जी. श्रीमती कमला सिन्हा, बीआरजी श्रीमती ममता बोरकर एवं श्रीमती मीना पटेल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

एस.आर.जी कमला सिन्हा ने बताया कि इस कार्यक्रम में केवल कक्षा 1 ली और दूसरी के माता को ही सम्मलित करना है। और 25 अप्रैल के पढ़ई तिहार में आंगनबाड़ी से कक्षा 1ली में प्रवेश लेने वाले बच्चें व उनकी माताओं और कक्षा पहली एवं दूसरी के बच्चों और उनकी माताओं को सम्मिलित करना है। जिसमें 9 काउंटरों में गांव के स्वंमसेवक साथियों व आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता से सहयोग लेना है।

आज के प्रशिक्षण में अंगना म शिक्षा 4.0 के अन्तर्गत माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च के भाषायी एवं गणितीय गतिविधि, माह 25 अप्रैल को पढ़ाई तिहार, अंगना म शिक्षा के अंतर्गत बालमेला सपोर्ट कार्ड, वर्णमाला, अक्षर, गिनती, सरल शब्द पढना इत्यादि के विषय मे मास्टर ट्रेनरों द्वारा विस्तार से बताया गया। जनवरी माह में भाषायी गतिविधि

### आओ शब्द बनाए, गणित में आओ बंडल बनाऐ

फ़रवरी में कुर्सी दौड़ संग बातें, आवाजों की गिनती, मार्च में रिंग फंसाओ नाम बताओं, गोंटा संग गणित गतिविधियों को मनोरंजक तरीके से डेमो करके दिखाया गया। जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थी उत्साह पूर्वक भाग लिए। श्रीमती कमला सिन्हा ने माताओं एवं समुदाय को शाला से कैसे जोड़ना है बताई। इसी कड़ी में श्रीमती कोनिका सोनी शिक्षिका ने अपना अनुभव बताया कि उनकी शाला में सभी माता जुड़ कर बच्चों के विकास में योगदान दे रही है।

आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखण्ड डोंगरगांव के 23 संकुलों से अंगना म शिक्षा प्रभारी शिक्षक एवम् शिक्षिकाओं ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित किये। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से एस.आर.सीआईएम गुलाब साहू ने सहयोग प्रदान किया।

# संकल्प शिविर का खुज्जी अंचल के ग्राम दर्री खुज्जी खुर्शीपार में हुआ भव्य आयोजन

खुज्जी (दावा)। केंद्र सरकार की महती योजनाओं को जन सामान्य तक पहुंचाने विकसित भारत संकल्प शिविर के तहत गत दिनांक 12 जनवरी को संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम खुज्जी दर्री, खुर्शीपार में सम्पन्न हुआ उक्त शिविर में। उपस्थित लोगों को केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा योजनाओं का लाभ लेने के लिये प्रेरित किया गया। ग्राम दर्री के शिविर में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी डोंगरगॉव, भाजपा मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता, डॉ. नीरेंद्र साहू, महेश्वर साहू, लक्ष्मी नारायण सेन, सरपंच श्रीमती हरिला साहू, उप सरपंच संघपाल, पूर्व उपसरपंच ओम प्रकाश रामटेके की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इसी कड़ी में ग्राम खुज्जी के



भारत सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हितग्राही

शिविर में सरपंच सोनाली पंसारी, उपसरपंच अक्षय देवांगन, पंच कली बाई, रेखा बोरकर, सचिव लोकनाथ यदु, पंच त्रिवेणी साहू, डोमन साहू, बेदु राम साहू, प्रियंका देवांगन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

शिविर में स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोग अभीभूत हुए वहीं बिहान समूह की महिलाओं की नाटिका धरती कहे पुकार के पर्सतुति ने उपस्थिय जनो को भाव विभोर कर दिया, आयोजित शिविर में महिला बाल विकास विभाग के द्वारा विभिन्न छतीसगढ़ी व्यंजनों का स्टाल लगाया गया जिसका जायका लोगों ने लिया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म की गई, शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत शासन की योजनाओं के पात्र लाभार्थियों ने अपना अनुभव साझा किया, शिविर को सफल बनाने में सहायक विकास खण्ड शिक्षा अदिकारी जयंत साहू, सुश्री रश्मि ठाकुर, बी आर सी अरविंद रत्नाकर का सराहनीय योगदान रहा।

# तीन दिवसीय सनातन संस्कृति के साथ दीप महोत्सव

राजनांदगाँव (दावा)। संस्कारधानी नगरी राजनांदगाँव में भगवान राम जी की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी के दिन शुभ अवसर पर भगवान रामजी की पूजा अर्चना के साथ धूमधाम से सनानत संस्कृति के साथ दीप महोत्सव होगा सनातन धर्म महासभा परिवार के संतोष पटाक, राकेश ठाकुर (शनिदेव मंदिर) सौरभ खण्डेलवाल, पंकज प्रियंका सोनी ने बताया कि दिनांक 20 जनवरी को मानव मंदिर चौक में हनुमान मंदिर जगन्नाथ मंदिर व 21 जनवरी को बालाजी मंदिर गंज लाईन से लक्ष्मीनारायण मंदिर तक व दीप महोत्सव व आयोजन समिति के संतोष पटाक व राकेश ठाकुर ने बताया कि 22 जनवरी को भगवान रामजी प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर 22 जनवरी को दिग्विजय स्टेडियम में सनातन संस्कृति के साथ जिसमें भगवान रामजी की आकृति, जय श्रीराम ओम त्रिभुल सनातन धर्म की आकृति के साथ शहर में 5 लाख 3 दिवसीय आयोजन में दीप महोत्सव भगवान रामजी की पूजा अर्चना के साथ धुमधाम से होगा इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी उपस्थित रहेंगे। इस शुभ अवसर पर सनातन धर्म सभा परिवार के राकेश ठाकुर, संतोष पटाक ने सभी राम भक्तों व सर्व हिन्दू समाज व सभी सनातन प्रमियों से सहपरिवार 3 दिवसीय इस आयोजन में ज्यादा से ज्यादा पहुँचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# कलेक्टर ने किया तांदुला इको टुरिज्म पार्क का अवलोकन

बालोद(दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय बालोद के समीप आदमाबाद में स्थित 'तांदुला इको टूरिज्म पार्क' का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं पार्क का देखरेख कर रहे प्रबंधन के लोगों के साथ तांदुला इको टूरिज्म पार्क के क्षेत्र को और अधिक विस्तारित करने तथा पार्क की व्यवस्था को बेहतर बनाने के उपायों के संबंध में चर्चा भी की।



पार्क को विस्तारित करने तथा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने की उपायों पर की चर्चा

जिससे यहाँ आने वाले सैलानी इस पार्क का समुचित लाभ उठाने के साथ-साथ उन्हें बेहतर व्यवस्था भी प्रदान की जा सके। श्री चन्द्रवाल ने कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग से जलाशय के कुल जल भराव क्षेत्र एवं गर्मियों में पानी की उपलब्धता आदि के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने अभी हाल में ही प्रारंभ किए गए इस तांदुला इको टूरिज्म पार्क में राजस्व प्राप्ति के जरिया आदि के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने प्रबंधन का कार्य देख रहे लोगों को आम लोगों के सहुलियत को ध्यान में रखते हुए बोटिंग आदि का दर निर्धारित करने के निर्देश भी दिए। जिससे आम लोग भी इस तांदुला इको टूरिज्म पार्क का लुत्फ उठा सकें। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने प्रकृति के खुबसूरत वादियों पर स्थापित किए गए इस तांदुला इको टुरिज्म पार्क की मनोरम सौंदर्य की भूरी-भूरी प्रशंसा भी की।

# श्री बालाजी मंदिर में रामायण प्रसंग पर चित्रकला प्रति. 21 को

राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गंज लाईन स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर समिति और बाल समाज द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 21 जनवरी को दोपहर डेढ़ बजे से तीन बजे तक श्री बालाजी हनुमान मंदिर में निःशुल्क चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

आयोजन की सहयोगी संस्था यामिनी क्रीड़ा एवं कला केंद्र राजनांदगांव के अध्यक्ष रीतेश देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का विषय रामायण के प्रसंग है। प्रतिभागी छात्र-छात्राएं रामायण के विभिन्न प्रसंगों में से किसी एक प्रसंग पर अपनी चित्रकारी कर सकते है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राएं अपनी संस्था के प्राचार्य या प्रभारी शिक्षक के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते है। इसके लिए नगर के सभी संस्था प्रमुखों से पत्र व्यवहार किया जा रहा है। पंजीयन की अंतिम तिथि 19 जनवरी तय की गई है। प्रतियोगिता के संबंध में अन्य जानकारी के लिए आयोजन समिति के नंदू भूतड़ा गंज लाईन मोबाईल

**पंजीयन की अंतिम तिथि 19 जनवरी**

नंबर 9425247223 तथा रीतेश देवांगन, दुर्गा चौक मोबाईल नंबर 8103779479 से संपर्क कर सकते है।

### चार वर्गों में प्रतियोगिता

चित्रकला प्रतियोगिता चार वर्गों में आयोजित है। वर्ग अ में कक्षा पहली से पांचवी तक, वर्ग ब में कक्षा छठवीं से आठवीं तक, वर्ग स में कक्षा नवमी से बारहवीं तक तथा वर्ग द में महाविद्यालय एवं ओपन वर्ग के छात्र और छात्राएं भाग ले सकते है। प्रतिभागियों को ड्राइंग शीट आयोजकों द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी अन्य आवश्यक सामग्री उन्हें स्वयं लाना होगा। आयोजन समिति ने बताया कि प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के साथ साथ सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएगें। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी दिए जाएगें।

### 22 को श्रीराम हर्ष शोभायात्रा

अयोध्या में श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को लेकर श्री बालाजी हनुमान मंदिर समिति और बाल समाज द्वारा आगामी 22 जनवरी को दोपहर 2 बजे से श्रीराम हर्ष शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से इस शोभायात्रा में उपस्थिति की अपील की है।

# 'बालक्रीड़ा प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में नई उर्जा का संचार- गीता घासी साहू

**छुरिया (दावा)। संकुल साल्हेटोला अंतर्गत जोन स्तरीय शालेय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन ग्राम कल्लूटोला ग्राम पंचायत धरमूटोला में बुधवार को सम्पन्न हुआ। समापन समारोह मुख्य अतिथि श्रीमती गीता घासी साहू अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव, अध्यक्षता चंद्रिका प्रसाद डड़सेना जिला भाजपा उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, श्रीमती ललिता साहू, सरपंच हौसी लाल साहू, शेखर भारद्वाज के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस दौरान अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार भी वितरण किया। जोन स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में माध्यमिक विभाग बखरूटोला ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर प्रथम वहीं प्राथमिक विभाग से छुरिया 1 द्वितीय स्थान पर रहे।**

मुख्य अतिथि श्रीमती गीता घासी साहू ने कहा कि शालेय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष शालाओं एवं ग्रामवासियों के सहयोग से होता रहा है। बालक्रीड़ा प्रतियोगिता के आयोजन से प्रतिभागी विद्यार्थियों में नई उर्जा का संचार होता है।



ग्राम कल्लूटोला में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न

खेल में जीत-हार तो होती रहती है, हार से निराश नहीं होना चाहिए अपितु पूरे उत्साह के साथ पुनः जीत के लिए परिश्रम करें सफलता अवश्य मिलती है।

साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों से कहा कि खेल के साथ ही सभी अपनी पढ़ाई में भी पूरी लगन से परिश्रम करें और अपने माता पिता के साथ ही अपने गांव का नाम रोशन करें। उन्होंने अपने उद्बोधन में अपने स्कूली जीवन का भी जिक्र करते हुए कहा कि मैं भी हॉकी की खिलाड़ी रही हूं। कार्यक्रम के अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना ने भी कहा कि खेल से शरीर तो स्वस्थ रहता ही है साथ ही हम मानसिक रूप से मजबूत रहते हैं। खेल को खेल भावना के साथ खेलें और अपनी जीत सुनिश्चित करें।

विशेष अतिथि के रूप में मौजूद जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि खेल भावना ही किसी भी खेल को अलग पहचान देती है, हारने वाले को निराश नहीं होना चाहिए। जीत हार तो एक सिक्के के दो पहलू है। खेल में किसी की जीत तो किसी की हार होती है लेकिन हारने वाला भी अपने खेल से लोगों पर अपनी पहचान छोड़ जाता है, और वह किसी जीत से कम नहीं है। कार्यक्रम को सरपंच हौसीलाल साहू, एवं शेखर भरद्वाज ने भी संबोधित किया और इस दौरान उन्होंने उपस्थिति अतिथियों को समस्त ग्रामवासियों की ओर से ग्राम के विकास के लिए कुछ मांगों पर ध्यानाकर्षण कराते हुए सी.सी. सड़क, मिनी खेल स्टेडियम, प्रधानमंत्री सड़क सहित अन्य मांग रखी जिस पर उपस्थित अतिथियों ने उनकी मांगों को शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन उद्धव ठाकुर एवं संकुल समन्वयक सुरेश साहू ने किया। इस पूरे आयोजन में महिला स्व-सहायता समूह, युवा समूह एवं ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर संकुल प्राचार्य मेवाराम पंचारे, महर्षि उइके, गौतम मण्डावी, वनेन्द्र मंडावी, देवार नांदेश्वर, गन्नू यादव, जनक मंडावी, सोमनाथ धुर्वे, राजू मंडावी, प्रभा सलामें, खिलेश्वरी साहू, मीना कुंजाम, युवना हिरवानी, महेश कतलाम सहित 6 संकुलों से आए संकुल समन्वयक, समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों, सहित महिला स्व सहायता समूह, युवा समूह के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# खेल में जो रम गया, उसे सभी स्थितियों में मजबूत बने रहने का हुनर मिल जाता है - प्रतीक्षा भंडारी

राजनांदगांव(दावा)। डोंगरगढ़ विधानसभा के ग्राम तिलई में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता के एक दिवसीय आयोजन में जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने इस दौरान उन्होंने आयोजकों और खिलाड़ियों को उत्साह और ऊर्जा के साथ प्रतियोगिता के रोमांच का आनंद उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि- खेल एक साधना है। इसमें जो रम गया उसे क्रमशः जीवन की सभी स्थितियों में मजबूत बने रहने का हौसला और अनुभव हासिल हो जाता है।



जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती भंडारी ने कहा कि-कबड्डी शारीरिक सौष्ठव और मानसिक तैयारी वाला खेल है। इसमें सामूहिक निर्णय, योजना और हर खिलाड़ी की नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। भागीदारी और एक-दूसरे के सहयोग की भावना का विकास होता है। यह सभी पहलु व्यक्ति के जीवन में बड़ा प्रभाव डालता है, जिससे व्यापक लाभ होता है। उन्होंने आयोजक समिति अध्यक्ष आशीष साहू, रिकेश, केतन, मोंटू, त्रिदेव, राहुल, भूपेश, अनुराग, जतिन, तुषार, प्रेम, अमन, तारकेष, मितेश, अयान, चिंटू, समीर, विकास, सागर, रोशन, शैलेंद्र की प्रशंसा करते हुए उन्हें बेहतर आयोजन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान रविंद्र रामटेके, रामेश्वरी साहू, सूर्यकांत भंडारी, भुवन साहू, टिकाराम साहू, कमलेश साहू, गोवर्धन साहू, खिलावन साहू, टेमन सेन, भागीरथी साहू, पवन कुमार देशलहरे, सुरेंद्र साण्डे, उमेश टंडन सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष...

***पीएम ने देश के सबसे लंबे...***

जुड़ने के लिए तीन-स्तरीय इंटरचेंज की सुविधा प्रदान करेगा। नवी मुंबई छोर पर, पुल का शिवाजी नगर और चिरले में इंटरचेंज होगा। नवी मुंबई की तरफ शिवाजी नगर इंटरचेंज, दूसरा- कोस्टल रोड के साथ शिवाजी नगर इंटरचेंज, तीसरा- नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और जवाहर लाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट। जसाई के पास एसएच-54 पर रैंप- यह पनवेल को उरण स्टेट हाईवे (एसएच-54) से कनेक्ट करेगी। जसाई के पास नेशनल हाईवे 4बी पर इंटरचेंज- यह इंटरचेंज पनवेल, उरण और जेएनपीटी को कनेक्ट करेगी।

0 पुल के 8.5 किमी तक के हिस्से में नॉएज बैरियर लगाया गया- पुल का निर्माण समुद्र तल से 15 मीटर की ऊंचाई पर किया गया है। इसके लिए समुद्र तल में 47 मीटर तक गहरी खुदाई करनी पड़ी। पुल के आसपास भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, ओएनजीसी और जेएनपीटी जैसे संवेदनशील एरिया हैं। इसे देखते हुए पुल के 8.5 किमी. तक के हिस्से में नॉएज बैरियर और 6 किलोमीटर के हिस्से में साइड बैरिकेडिंग की गई है। इसके अलावा पक्षियों और समुद्री जीवों की सुरक्षा के लिए ब्रिज पर साउंड बैरियर और एडवांस लाइटिंग की गई है। 5 हजार से ज्यादा मजदूरों और इंजीनियरों ने रोज काम किया- पुल के बारे में पहली बार 1962 में स्टडी की गई थी। 1994 में इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनाई गई। हालांकि यह इसके बाद भी प्रोजेक्ट का काम अटका रहा। 2006 में इसका टेंडर जारी किया गया, लेकिन काम नहीं हो पाया। 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पुल की आधारशिला रखी। 2017 में मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी और जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी के साथ एग्रीमेंट साइन किया। अप्रैल 2018 में इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू हुआ। डेडलाइन अगस्त 2023 तय की गई। प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए औसतन रोज 5,403 मजदूरों और इंजीनियरों ने काम किया। पुल के निर्माण के दौरान 7 मजदूरों की जान भी गई।

***इंफाल की जगह थौबल से शुरू होगी ....***

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को सिविल सोसायटी संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर चर्चा की गई। प्रतिनिधियों की ओर से इस दौरान सुझाव भी दिए गए। राहुल गांधी ने यात्रा के माध्यम से न्याय के लिए लड़ने का संकल्प व्यक्त किया।

***जो आस्था रखते हैं वो कभी भी जा सकते है...***

भेजे गए निमंत्रण को अस्वीकार करने के विपक्षी पार्टी के फैसले की बृहस्पतिवार को आलोचना की थी और दावा किया था कि इससे भारत की संस्कृति और हिंदू धर्म के प्रति पार्टी का स्वाभाविक विरोध उजागर हो गया है. खरगे, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के निमंत्रण को यह कहते हुए ससम्मान अस्वीकार कर दिया कि यह भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का आयोजन है तथा 'अर्द्धनिर्मित मंदिर' का उद्घाटन चुनावी लाभ के लिए किया जा रहा है.

***पश्चिम बंगाल में ईडी की बड़ी कार्रवाई...***

हमलावर उसके अधिकारियों को जान से मारने का इरादा रखे थे। अपने आरोप में ईडी ने कहा कि हमलावर लाठी, पत्थर और ईंट से भी लैस थे और उन्होंने अधिकारियों के निजी और आधिकारिक सामान जैसे मोबाइल, लैपटॉप और नकदी आदि भी छीन लिए।

***कोयला घोटाला: आरोपियों को जेल और ....***

इतना ही नहीं ईडी ने यह भी दावा किया है कि अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान कारोबारी सुनील अग्रवाल में उपचार लेने से भी मना कर दिया था। इससे साफ है कि वो अस्पताल सुविधा लेने पहुंचे थे। ईडी ने कोर्ट में जो आवेदन किया है उसके अनुसार सुनील अग्रवाल ने स्वास्थ्यगत कारणों का हवाला देकर दिसंबर 2022 से जुलाई 2023 के बीच 170 दिन अस्पताल में गुजारे थे। वहीं अन्य आरोपी भी फरवरी 2023 से जुलाई 2023 के बीच करीब 1 महीने तक अस्पताल में था। वहीं सुनील अग्रवाल ने मेडिशाइन अस्पताल के यूरोलॉजी डिपार्टमेंट में 3 माह से ज्यादा वक्त गुजारा था।

***स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प ...***

युवा महोत्सव में काफी संख्या में युवा उपस्थित थे। युवाओं को देखकर मुख्यमंत्री श्री साय सीधे उनके बीच पहुंचे। मुख्यमंत्री ने युवाओं के साथ बड़ी ही आत्मीयता के साथ चर्चा की और उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर युवा काफी उत्साहित हुए। स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि- मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, कमिश्नर रायपुर संजय अलंग, जनसंपर्क विभाग के आयुक्त मयंक श्रीवास्तव, कलेक्टर रायपुर गौरव कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में युवा और प्रबुद्ध नागरिक भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने अतिथियों को विवेकानंद साहित्य की पुस्तकें भेंट की।

***महादेव एप सट्टेबाजी में दो और ...***

लिए ईडी ने पांच दिन की रिमांड मांगी थी, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। अब 17 जनवरी को दोपहर में दोनों को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा। रवि उप्पल दुबई में हिरासत में- महादेव सट्टा एप के मुख्य प्रमोटरों में से एक रवि उप्पल दुबई में हिरासत में है। उसे जल्द ही भारत लाया जाएगा। विशेष कोर्ट ने उप्पल के दुबई से भारत प्रत्यर्पण की मंजूरी दे दी है। दस्तावेजों की प्रति अरबी लिपि में लिपिबद्ध कर पेश की गई थी। कोर्ट ने दुबई स्थित सक्षम अदालत को प्रत्यर्पण के लिए आग्रह पत्र जारी किया है।

***भारतीय वायुसेना के मालवाहक विमान का...***

एएन-32 से मेल खा रहा मलबा- मंत्रालय ने कहा कि इन तस्वीरों की जांच की गई और पाया गया कि ये एएन-32 विमान से मेल खाती हैं। जिस जगह पर मलबा पाया गया है, इतिहास में उस इलाके (संभावित दुर्घटना स्थल) में किसी अन्य विमान के लापता होने का कोई रिकॉर्ड नहीं है। मलबे से लग रहा है कि यह आईएएफ का दुर्घटनाग्रस्त एएन-32 विमान का है।

विमान में सवार थे 29 कर्मी- वायुसेना का विमान एएन-32 एक मिशन के दौरान 22 जुलाई 2016 को बंगाल की खाड़ी के ऊपर लापता हो गया था। इस विमान की पंजीकरण संख्या के-2743 थी। इसमें 29 कर्मी सवार थे। विमान के लापता होने के बाद बड़े पैमाने खोज और बचाव अभियान चलाया गया था। लेकिन, उस समय मलबे का पता नहीं लगा। राष्टीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान ने हाल ही में गहरे समुद्र एयूवी तैनात किया था। एयूवी को लापता एएन-32 विमान के अंतिम ज्ञात स्थान पर गहरे समुद्र में तैनात किया गया था।

एनआईओटी के वैज्ञानिकों ने क्या कहा- चेन्नई स्थित राष्टीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी) के वैज्ञानिकों को दिसंबर में महासागर मानचित्रण (सीबेड मैपिंग) के लिए अपने नए एयूवी के उपकरणों का परीक्षण करने के दौरान इस लापता मालवाहक विमान के मलबे का पता चला था। पिछले साल 9-10 दिसंबर को एक परीक्षण अभियान के दौरान एयूवी के उपकरणों से 3,400 मीटर की गहराई पर समुद्र तल से मजबूत संकेत (सिग्नल) मिले थे। इन सिग्नल ने वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया था। जिसके बाद उन्होंने समुद्र तल की और गहराई तक जाने का फैसला किया। एनआईओटी के निदेशक जीए रामदास ने बताया कि इसके बाद उन्होंने और गहराई तक गोता लगाया और कुछ तस्वीरें लीं। इन तस्वीरों को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के जरिए वायुसेना के साथ साझा किया गया था। उन्होंने कहा कि इसके बाद वायुसेना ने पुष्टि की कि मलबा एएन32 विमान का है। जो सात साल पहले लापता हो गया था। एक अन्य वैज्ञानिक ने बताया कि शुरू में इसे जहाज का मलबा माना जा रहा था। लेकिन, बारीकी से जांच करने के बाद शोधकर्ताओं ने भारतीय वायुसेना के विमान पर तिरंगे की पहचान की।

# श्रीराम लला की प्रतिष्ठा पर्व को लेकर विपक्ष की विचारधारा सनातनी विरोधी - श्रीमती कमलेश सारस्वत

**अंबागढ़ चौकी(दावा)। 22 जनवरी को ऐतिहासिक श्रीराम लला की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा पर्व को लेकर सनातनियों में बड़ा उत्साह है। इस दिन शताब्दियों की प्रतीक्षा के बाद पुनः श्रीराम जन्मभूमि को उसका गौरव प्राप्त होगा। विश्व की नज़रें इस आयोजन पर हैं। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत ने इसे गौरवांवित किए जाने वाला क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि यह अवसर हजारों वर्ष में कभी एक बार आता है, जो भी इसका प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से हिस्सा बन रहे हैंए वे सौभाग्यशाली हैं।**



जिला अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत ने श्रीराम लला की प्रतिष्ठा पर्व को लेकर विपक्ष की विचारधारा को सनातनी विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि श्रीमती सोनिया गांधी, कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य कांग्रेस नेता व कुछ विपक्षी दल इस पर्व में शामिल न होने की बात कह रहे हैं। वे हमारे सनातन के गौरव को राजनीति से तोल रहे हैं। पूरा देश जिस अवसर पर पुनः दीवाली मनाने जा रहा है, वे अपने घरों की खिड़कियां बंद कर रहे हैं। ये सरासर उस देश की नैतिकता और धार्मिक भावना पर चोट है जिसके भरोसे उन्होंने 60-70 सालों तक राज किया।

उन्होंने कहा कि-श्रीराम के राजधर्म उनकी मर्यादा की बात करने का इस विपक्ष को कोई अधिकार नहीं है। उनके भीतर नैतिकता मर चुकी है। वे देश की खुशी से जल रहे हैं। भाजपा से राजनीतिक प्रतिद्वंदिता को छोड़कर अब वे सनातन से विद्वेष पाल बैठे हैं। असफल होने की ऐसी कुंठा उनके भीतर घर कर चुकी है कि वे जन सरोकार और उसकी भावना को ठेस पहुंचाने से भी नहीं झिझक रहे हैं।

श्रीमती सारस्वत ने कहा कि विपक्ष इस रंग में भंग डालने का प्रयास कर रहा है, लेकिन इससे कुछ होने वाला नहीं है। 22 जनवरी को पूरे उत्साह से देशभर में श्रीराम लला की प्रतिष्ठा पर्व पर जयकारे लगेंगे जिससे पूरा भारतवर्ष गूंजेगा। इस दिन सभी एक बार फिर दीवाली मनाएंगे। जिस तरह श्रीराम के वनवास से वापसी पर अयोध्या सजी थी वैसा ही श्रृंगार पूरे भारत का होगा। श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में भी उत्सव भव्य होगा और हर घर, हर गांव, हर नगर...पूरा राज्य अद्भुत रौशनी से रौशन होगा।

# अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ का नववर्ष मिलन एवं सम्मान समारोह साहू सदन में 28 जनवरी को

राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगमी 28 जनवरी दिन रविवार को जिला साहू संघ के वृहद प्रांगण में सुबह 10 बजे से शाम 4:30 अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के द्वारा परिवारिक नववर्ष मिलन व वैचारिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाना है। श्री साहू ने आगे कहा कि कार्यक्रम सुबह 10 बजे भक्त संत शिरोमणि माता कर्मा की पूजा अर्चना आरती कर समारोह का श्रीगणेश, सुबह 11 बजे से स्वागत एवं सम्मान समारोह, दोपहर 12 से पारिवारिक नववर्ष मिलन तथा वैचारिक संगोष्ठी शुरू, दोपहर 2 बजे से एक घंटे तक भोजन विराम, दोपहर 3 बजे 4:30 बजे तक महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिता शुरू जिसमें कुर्सी दौड़, गोली चम्मच, मटका फोड़ आदि विभिन्न खेलों का प्रर्दशन किया जायेगा। तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन।



जिला संघ के महामंत्री नीलमणी साहू, माधव साहु, संयोजक यशवन्त साहु, रूपेश साहु, मिलन साहु, सचिव जयंत साहु, छन्नू साहु ने इस मौके पर सभी स्वजातीय अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्यों से आग्रह किया है कि इस दौरान सपरिवार जिला साहू संघ के साहू सदन में समय पूर्व उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया सम्मानित पत्रकार बंधुओं की उपास्थित की विनम्र अपील की है।

# सामूहिक दवा सेवन तथा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस गतिविधि का क्रियान्वयन 10 से 28 फरवरी तक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन तथा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस गतिविधि का 10 से 28 फरवरी तक क्रियान्वयन किया जाएगा। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए जिला समन्वय समिति का गठन किया गया है। इसके अंतर्गत विकासखंड डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव में फाईलेरिया (हाथी पांव) जैसे गंभीर बीमारी से बचाव के लिए 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती माताओं एवं गंभीर बीमार व्यक्ति को छोड़कर फाईलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी। कार्यक्रम के तहत 10 से 15 फरवरी 2024 तक आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में बूथ




लगाकर, 16 से 24 फरवरी तक ड्रग एडमीनीस्टट्रर द्वारा सामुदाय स्तर पर गृह भेंट (घर-घर भ्रमण) कर तथा 26 से 28 फवरी तक छूटे हुए लाभार्थियों को मॉप-अप राऊंड अंतर्गत दवा का सेवन कराया जाएगा। 10 से 28 फरवरी तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों में एमडीए कार्नर में लाभार्थियों को दवा सेवन कराया जाएगा। संबंधित विभागों को आपसी समन्वय एवं सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

# न्याय यात्रा की समन्वय समिति में अब्दुल कलाम शामिल

राजनांदगांव(दावा)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने 14 जनवरी से राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में शुरु हो रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए राष्ट्रीय समन्वय समिति का गठन किया है। इस समिति में नेशनल को-आडिनेटर प्रभारी ओडीसा अब्दुल कलाम खान को भी शामिल कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।



समन्वय समिति में शामिल किए जाने पर अब्दुल कलाम खान ने विभाग के राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि-मौजूदा समय में भाजपा की तानाशाही को खत्म करने हमारे राष्ट्रीय नेता 6600 किमी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का आगाज इंफाल से करने जा रहे हैं। भारत के इतिहास में ऐसे मौके कम आए हैं जब किसी जननायक ने ऐसी यात्रा की है। इससे पहले राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा कर चुके हैं। यह प्रयास देश के लोकतंत्र को मजबूत करने और सभी वर्ग को न्याय से जोड़ने और उनमें अलख जगाने के लिए है। राहुल गांधी देश के लिए समर्पित होकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का फायदा कांग्रेस को आगामी लोकसभा चुनाव में मिलेगा। हमें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस दायित्व पूरी निष्ठा से निभाएंगे। कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता इस यात्रा का हिस्सा है। देश में इसे लेकर उत्साह का माहौल है।

# 15 दिवस के भीतर आपत्ति कर सकते हैं प्रस्तुत

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत लामानीनभाठा से जामरी, हरणसिंघी-राका मार्ग लम्बाई 6 किलोमीटर (वास्तविक लम्बाई 10.60 किलोमीटर) पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य हेतु ग्राम मुसराखुर्द के 10 भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है। भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित कार्यालय कलेक्टर जिला राजनांदगांव समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

# ठेलकाडीह कॉलेज के विद्यार्थियों ने भौगोलिक भ्रमण किया

**ठेलकाडीह (दावा)। शासकीय नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह के भूगोल विभाग के तत्वाधान में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने विगत 15-16 दिसम्बर को पर्यटन स्थलों का भौगोलिक-शैक्षणिक भ्रमण किया गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य ए.के.श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं सी.एस. राठौर विभागाध्यक्ष भूगोल के निर्देशन में कला संकाय के भाग एक दो एवं तीन के 42 विद्यार्थियों ने रतनपुर, चैतुरगढ़, देवपहरी, सतरेंगा, कोरबा, हसदो-बांगो परियोजना क्षेत्र तथा कुसमुंडा कोल माइंस आदि क्षेत्रों का भूगोल विषयक दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भौगोलिक भ्रमण का प्रथम पढ़ाव भारत के 51 सिद्धपीठों में एक एवं दक्षिण कौशल की प्राचीन राजधानी रतनपूर में स्थित महामाया सिद्ध पीठ रहा।**



यहां विद्यार्थियों ने हैय्यवंशीय कल्चुरी शासकों द्वारा स्थापित शक्तिपीठ के दर्शन किए साथ ही कलचुरी शासनकाल के वैभवपूर्ण इतिहास एवं स्थापत्य कला से परिचित हुए। खारंग नदी की गोद में बसे प्राकृतिक सौंदर्य से संपन्न प्राचीन नगर रतनपुर के भौगोलिक स्थिति से अवगत हुए। भ्रमण का अगले पढ़ाव के रूप में चैतुरगढ़ की उच्च पहाड़ी में स्थित माँ महिषासुर मर्दिनी मंदिर रहा। चैतुरगढ़ की पहाड़ियों पर चढ़ने का विद्यार्थियों के लिए विशेष अनुभव रहा। नदियों, पहाड़ियों का साक्षात्कार किए जो भूगोल विषयक ज्ञान की वृद्धि में सहायक सिद्ध हुआ।

भौगोलिक यात्रा का अगला पढ़ाव कोरबा जिला में स्थित देवपहरी जल प्रताप रहा जो अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए सुविख्यात है। कोरबा जिले की सत्त प्रवाहिनी नदी हसदों की निर्मल जलधारा लगभग 1500 फीट की ऊँचाई पर प्रपात बनाती है। प्रपात की मनमोहक झर-झर की ध्वनि में मानों प्रकृति मुखरित हो उठी है। यह क्षेत्र लेमरू अरण्य क्षेत्र के अंतर्गत आता है जहां गजराज परियोजना संचालित है। गजराज परियोजना वनैले-हाथियों के विचारण एवं संवर्धन तथा मानव बस्ती के क्षति हाथियों से होने क्षति से बचाने के लिए यह परियोजना संचालित है। यही पर हसदो बागो परियोजना मिनीमाता नदी परियोजना छत्तीसगढ़ का सबसे ऊँचा बांध है। लेमरू अरण्य क्षेत्र के निचले भाग में सतरेंगा प्राकृतिक झील स्थित है जो मिनीमाता नदी परियोजना का डूब क्षेत्र है। सतरेंगा झील अपने स्वच्छ नीले जल पर्यटकों का मन मोह लेता है। इस झील पर नौकायन का आनंद लिया जा सकता है। यही से उत्तरीय भाग से छत्तीसगढ़ का पाट प्रदेश प्रारंभ होता है। यहां कोरबा स्थित प्लांट को भी देखने का अवसर मिला। इसी क्रम में एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा खुला कोल माइंस क्षेत्र को विद्यार्थियों ने देखा और जाना। भौगोलिक शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने भ्रमण क्षेत्र की मिट्टी एवं चट्टानों की संरचनाओं से परिचित हुए। इस क्षेत्र में दोमट, मटासी, मिट्टी पायी जाती है तथा बलुवा एवं आर्कीयन चट्टानों से परिचित हुए। सभी विद्यार्थियों ने आनंदित होकर पर्यटन क्षेत्र का भ्रमण किये तथा भौगोलिक तथ्यों एवं दृश्यों से परिचित हुए जिससे उनकी भूगोल विषयक ज्ञान में वृद्धि हुई। इस भौगोलिक भ्रमण में डॉ. एल.सी. सिन्हा, सहायक प्राध्यापक, हिन्दी एवं सुश्री रेणुका कुंजाम, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य ने अनुरक्षण के साथ-साथ विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किए।

# छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह 14 को पथरिया में

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने बताया कि छत्तीसगढ राज्य लोधी समाज का शपथ ग्रहण समारोह 14 जनवरी को पथरिया, जिला मुंगेली में आयोजित किया गया है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ उप मुख्यमंत्री अरूण साव व उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा होगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता लोधी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व एटा उत्तर प्रदेश के विधायक विपिन कुमार वर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष पाण्डेय सांसद, धर्मलाल कौशिक विधायक, पुन्नू लाल मोहले विधायक, धर्मजीत सिंह विधायक, यशोदा वर्मा विधायक, भावना बोहरा विधायक, ईश्वर साहू विधायक,



**मुख्यमंत्री के मुख्य आथित्य में होगा शपथ ग्रहण**

कोमल जंघेल पूर्व विधानसभा, गिरवर जंघेल पूर्व, कमलेश्वर वर्मा पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज भरत वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष जिला पंचायत आदि होंगें।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के सभी पदाधिकारी जिला, सर्किल, प्रधान, पंच अपने अपने क्षेत्रों में बैठकर तैयारी में जुट गए हैं । इस अवसर पर समाज के प्रमुख जन ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है। जिसमें प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, महामंत्री घनश्याम कौशिक, संगठन मंत्री जीवन कौशिक, कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी, अंकेक्षक विमल पटेल, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष उत्तम जंघेल, जिलाध्यक्ष कबीरधाम जयप्रकाश कौशिक, दुर्ग जिला अध्यक्ष बनाऊ राम जंघेल, मुंगेली जिला अध्यक्ष जगदीश वर्मा, बिलासपुर के जिला अध्यक्ष जमुना प्रसाद वर्मा, रायपुर के जिलाध्यक्ष अधीन जंघेल, साजा जिला अध्यक्ष गोविंद पटेल के अलावा प्रदेश के विभिन्न जिलों के सभी पदाधिकारियों ने अपील की है।

# गुरुनानक स्कूल में विस्तार गतिविधि के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति की दी गई जानकारी



राजनांदगांव (दावा)। शा. दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के.एल. टांडेकर के कुशल मार्गदर्शन एवं विभाग अध्यक्ष कम्प्यूटर एप्लीकेशन प्रो. हेमपुष्पा के नेतृत्व में श्री गुरुनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को विस्तार गतिविधि के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा प्रणाली को आधुनिक एवं वैश्विक ज्ञान को जोड़ने के बारे में बताया गया। पुरानी शिक्षा नीति 1986 एवं नई शिक्षा नीति 2020 की तुलनात्मक अध्ययन की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। नई शिक्षा नीति के विजन एवं उद्देश्य के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।

कला एवं विज्ञान के समस्त विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । श्री गुरुनानक उत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य योगेश द्विवेदी एवं आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर के सहयोग से कार्यक्रम का सफ्ल आयोजन किया गया तथा महाविद्यालय के कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग की श्रीमती प्रियंका दास, राम अवतार एवं बीसीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थी का भी विशेष सहयोग रहा।

# अंगना में शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत कुमर्दा में माताओं का हुआ प्रशिक्षण

**डोंगरगांव (दावा)। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार अंगना में शिक्षा कार्यक्रम का विकासखंड स्तरीय आयोजन ग्राम कुमर्दा के आदिवासी सामुदायिक भवन में सम्पन्न हुआ।**



उक्त प्रशिक्षण में प्रत्येक संकुल से 2 महिला शिक्षिकाओं को अंगना में शिक्षा के अंतर्गत बाल्यकाल में बच्चों के उचित देखभाल पोषण और उनके समुचित विकास के लिये बौद्धिक मानसिक व शारिरिक विकास के लिये माताओं की भूमिका तथा खेल-खेल में शिक्षा के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण की शुरुआत माता सरस्वती की तैलचित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना के साथ खंड स्त्रोत समन्वयक पी.डी. साहू व मास्टर ट्रेनर दीपमाला साहू, धनेश्वरी विनायक के करकमलों से सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के आरंभ में स्त्रोत समन्वयक श्री साहू ने अंगना में शिक्षा विषय पर उपस्थित शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाल्यावस्था में माता ही विद्यार्थियों की पहली गुरू होती है, उनमें नैतिक शिक्षा व संस्कार बचपन में बहुत अच्छे ढंग से प्रदान की जा सकती है। इसी कारण समग्र शिक्षा में माताओं को इसमें जोड़ा गया है, माताओं व्दारा किसी भी सब्जी के प्रकार रंग आकार स्वाद इत्यादि प्रकारों तथा उत्पादों से खेल खेल में घर में शिक्षा दी जा सकती है। उक्त प्रशिक्षण में संकुल से आये सभी शिक्षक शिक्षिकाओ ने गतिविधियों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक समेत 43 संकुल के शिक्षक शिक्षिकाएं व माताओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

# गर्भवती महिलाओं को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने की जरूरत - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति अंतर्गत स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग समन्वय करते हुए कार्य करें। गर्भवती माताओं को चिन्हांकित करते हुए उनके स्वास्थ्य परीक्षण तथा पोषण के संबंध में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए उनका चिन्हांकन करते हुए एक व्यवस्था बनाने की जरूरत है, ताकि गर्भवती माताओं की जानकारी के साथ ही प्रसव की सूचना भी प्राप्त हो सके। शासन की इससे जुड़ी हुई बहुत सी योजनाएं हैं, जिससे उन्हें लाभान्वित करना है। इसलिए इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने की जरूरत है।

एएनसी करने के पश्चात गर्भवती माताओं को लक्षित करते हुए कार्य करें। पंजीयन के लिए कोई भी गर्भवती महिला नहीं छूटे। उन्हें समय पर वैक्सीन लगने के साथ ही शासन की योजना का लाभ मिल सके। गर्भावस्था के दौरान ही शिशु के स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। गर्भवती माताओं को आयरन, फोलिक एसिड दवाईयां एवं अतिरिक्त आहार देने के लिए विशेष कार्य करें। साथ ही सामुदायिक सहभागिता व जागरूकता होनी चाहिए। गंभीर कुपोषित बच्चों के प्रति विशेष ध्यान देते हुए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति शुक्रवार हेल्थ फ्राईडे मनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसी महिलाएं जो स्वस्थ हैं और जिनका बच्चा स्वस्थ है, उन ग्रामों के लिए उन्हें ब्रांड एम्ब्रेसडर बनाएं, ताकि वे दूसरी महिलाओं को सुपोषण




- *आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं एनएनएम ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के टीकाकरण के लिए जनसामान्य को करें जागरूक एवं प्रोत्साहित*
- *कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य समिति अंतर्गत स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की ली संयुक्त बैठक*

के लिए प्रेरित कर सकें।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि हाईरिस्क वाली गर्भवती महिलाओं का हिमोग्लोबिन अच्छा रहना चाहिए। इसके लिए सामुदायिक सहभागिता बढ़ाते हुए जागरूकता के लिए कार्य करें। स्थानीय स्तर पर मुनगे एवं अन्य पौष्टिक आहार लेने के बारे में बताएं। इसके लिए उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में रोड कनेक्टिविटी बहुत अच्छी है। इसके अंतर्गत संस्थागत प्रसव शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिलेवासियों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। इस दिशा में व्यवस्थित एवं मजबूती से कार्य करने की जरूरत है। जनसामान्य का स्वास्थ्य प्राथमिकता है। विकासखंडवार संस्थागत प्रसव की समीक्षा की तथा डिलिवरी के लिए ट्रेकिंग सिस्टम बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले में सभी जनप्रतिनिधि, उद्योगों एवं जनसहभागिता से एनीमिक गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार देने के लिए कार्य करें। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को किए जा रहे, टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस पर विशेष ध्यान देते हुए समय पर टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं एनएनएम को ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के टीकाकरण के लिए जागरूक एवं प्रोत्साहित करना होगा। आयुष्मान कार्ड निर्माण में आ रही तकनीकी दिक्कतों को दूर करने के निर्देश दिए। सिकल सेल टेस्ट के लिए लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक परीक्षण के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि सभी डॉक्टर एवं स्टॉफ मरीजों के साथ संवेदनशीलतापूर्वक व्यवहार करें और उनका ईलाज करें। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की मदद करें और उनका उपचार करें। राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, मातृ-मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, लिंगानुपात, फाइलेरिया, डेंगू, टीबी एवं अन्य कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए बसोड़, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर, सिविल सर्जन डॉ. चंद्रवंशी, नोडल अधिकारी टीबी डॉ. अल्पना लूनिया, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी, डीपीएम सुश्री भूमिका वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ 24 से डुंडेरा में



डोंगरगढ़ (दावा)। जय बजरंग नवयुवक समिति डूंडेरा एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संगीतमय श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ 24 जनवरी से 01 फरवरी तक ग्राम बजरंग चौक, डूंडेरा पो. पारागांवखुर्द में आयोजित है। कथा वाचक आचार्य सनातनी चैतन्य महाराज, व पं. नंदकुमार वैष्णव होंगे। कथा प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जायेगी। आयोजन समिति के दिलीपदास वैष्णव, सालिकराम वर्मा, श्यामसुंदर हठिले एवं समस्त ग्रामवासियों ने क्षेत्रवासियों से उपस्थिति की अपील की गई है।

# वाहन चेंकिंग के दौरान पुलिस वालों से गाली गुप्तार व मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। वाहन चेकिंग की ड्यूटी में लगे ट्रेफिक पुलिस को गंदी-गंदी गाली गलौज कर हाथ मुक्के से मारपीट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने धरदबोचा है। बसंतपुर पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ट्रैफिक पुलिस के साथ अभद्रता कर शासकीय कार्य मे बाधा डालने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 294, 323, 186, 353, 34 के तहत कार्यवाही की गई है।

आरोपियों के नाम नवीन कुमार शर्मा पिता रमेश शर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी गली नं 1 राम नगर मोतीपुर, व राम किलकर राय पिता अखिलेश्वर राय उम्र 33 वर्ष सहदेव नगर तथा मुकेश सिंह पिता रविन्द्र सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी चंगोरा भाठा रायपुर बताया जाता है। पुलिस ने बताया कि गत 11जनवरी को प्रार्थी निरीक्षक अजय खेस द्वारा यातायात शाखा के द्वारा अपने स्टॉफ के साथ उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार वाहन चेकिंग के समय अपने स्टाफ आरक्षक ओम प्रकाश सिन्हा एंव चालक आरक्षक संदीप कुर्रे के साथ मय शासकीय वाहन क्रमांक सी.जी. 03-7501 व चालानी बुक के अनुपम नगर फुरसत के पल चौक के पास चेकिग पाईट लगाया गया था और उक्त स्थान पर तीन सवारी, ट्रैफिक नियमों का उलंघन व शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्यवाही किया जा रहा था उसी दौरान रात्रि लगभग 8:30 बजे के आसपास चौपाटी की ओर से आ रही मो.सा. क्रमांक बीआर 02 वाई 9755 मे तीन सवारी आने पर स्टाफ के द्वारा रोकने का इशारा किया गया, किन्तु चालक मोटर सायकल को न रोककर भागने का प्रयास कर रहे थे जिसे दौडाकर रोका गया। रोकने पर मो.सा. के चालक के मुंह से शराब की गंध आ रही थी।

इस पर शराब मापने वाले मशीन से जांच करने पर मो.सा. चालक द्वारा एवं उनके साथी द्वारा शराब सेवन करने की पुष्टी हुई। इस पर उक्त मो.सा. चालक के खिलाफ पंचनामा तैयार किया गया। इस दौरान पंचनामा में हस्ताक्षर नही करने की बात को लेकर मो.सा. के चालक एवं उनके साथी द्वारा यातायात पुलिस के अधिकारी एवं स्टाफ के साथ गाली गुप्तार कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, जिससे पुलिस अधिकारी एवं उनके स्टाफ को चोट आई तथा स्टाफ के पहने हुए वर्दी को फाड दिया गया।

जिस पर की गई रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 186, 353,34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया और मामले को गंभीरता से लेते हुए निरीक्षक विजय मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की पता तलाश कर उन्हें गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में उन्हें पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी विजय मिश्रा, उप निरीक्षक राकेश पटेल, गोवर्धन देशमुख, आरक्षक देवेन्द्र पाल एंव कमल किशोर मुंजलाल ठाकुर की भूमिका सराहनीय रही।

# भजन गायक नन्दू शर्मा ने अपनी भजनों से श्रोताओं को झुमाया

**भर दे रे श्याम झोली, कीर्तन की है रात, आदि भजनों ने रंग जमाया, देर रात तक जमी रही भजनों की महफिल**





राजनांदगांव (दावा)। श्री खाटू श्याम लखदातार सेवा परिवार द्वारा पद्मश्री आडिटोरियम में गुरूवार की रात आयोजित रही सुप्रसिद्ध भजन गायक नंदू शर्मा के कीर्तन की रात भजन कार्यक्रम ने ऐसा रंग जमाया कि श्रोता देर रात तक उनकी एक से बढ़कर एक भजनों के आनंद में डूबे रही वही भजनों के भावावेग में डूबकर श्रोताजन झूमते-थिरकते रहे।

बता दे कि देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक नंदू भैया के साथ अपनी एक से बढ़कर एक भवनों की प्रस्तुति देने वृंदावन के सुमधुर भजन गायक पारस लाडला ने भी अपने भजनों से भक्ति रस की गंगा बहाई। इस दौरान नंदू भैया के 'भर दे रे श्याम झोल व मेरी विनती यही राधा रानी... तथा शीर्षक भजन, कीर्तन की रात बाबा...' को श्रोताओं द्वारा खूब पंसद किया गया। इसी तरह पारस लाडला द्वारा प्रस्तुत श्याम बाबा के मधुर भजनों में श्रोतागण देर तक डूबते-उतराते रहे। दोनों भजन गायकों के भजनों की गंगा में संस्कारधानी के श्याम प्रेमी श्रोताजन देर रात तक आनंद मगन में डूबे रहे। आयोजन समिति के अमीत-टीना खंडेलवाल ने बताया कि खाटू श्याम बाबा के भजनों का आनंद लेने नंदू भैया के प्रेमी जन महाराष्ट्र आदि दूसरे प्रांत से भी पधारे रहे। जिसमें मनीष प्रसाद (अकोला) गोंदिया से अशोक श्यामलाल, धमतरी से नवल अग्रवाल, नरेन्द्र भाई रायपुर से तरूण गोयल, शिल्पी गोयल, बजरंग अग्रवाल, मंयक अग्रवाल आदि सहित दूर-दूर से आए भजन प्रेमीजन उपस्थित थे। वही शहर से महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, समाजसेवी दामोदर दास मूंदड़ा, राजेश डागा, संजय तेजवानी, संजय रिझवानी, सत्यनारायण डागा, कमल गांधी, मुन्ना साहू, संतोष पुरोहित, बंशी अग्रवाल, पुरूषोत्तम गांधी, आवतराम तेजवानी, जय खंडेलवाल, विकास अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल दिलीप खंडेलवाल, महेश खंडेलवाल, मनीष साहिता, योगश कोटक, किर्ती भोजानी आदि भजन प्रेमीजनों की उपस्थिति रही। मंच संचालन श्रीमती सुषमा सिंग द्वारा किया गया।

कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व आडिटोरियम में भव्य एवं आकर्षक रूप से खाटू श्याम दरबार लगाया गया। आयोजन समिति के अमित खंडेलवाल ने बताया कि कार्यक्रम स्थल में आकर्षक रूप से श्रृंगार किए गए खाटू श्याम बाबा को 56 भोग चढ़ाया गया। तत्पश्यात उपस्थितों में भोग प्रासदी वितरित की गई। शहर में प्रथम बार हुए खाटू श्याम बाबा के इस भजना नंदी के सफल कार्यक्रम के अंत में भक्तों में भोजन महाप्रसादी का आयोजन किया गया था। आयोजक अमित-टीना खंडेलवाल ने भजन कार्यक्रम का आनंद लेने आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया है।

# मां परमेश्वरी जयंती आयोजन में मुख्य अतिथि होंगे डॉ. रमन सिंह



**आडिटोरियम में होगा विशाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं निःशुल्क विवाह**

राजनांदगांव (दावा)। देवांगन समाज द्वारा 18 फरवरी को आयोजित मां परमेश्वरी जयंती व विशाल परिचय सम्मेलन आयोजन में क्षेत्र के विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। उक्त संबंध में समाज के लोगों द्वारा डॉ सिंह के सनसिटी स्थित निवास स्थान पर पहुंच कर उन्हें सादर आमंत्रण प्रदान किया गया।

मां परमेश्वरी महोत्सव जयंती और विशाल परिचय सम्मेलन का न्योता देने पहुंचे लोगों में देवांगन समाज के प्रांतीय महासचिव छगन देवांगन,नगर देवांगन अध्यक्ष दयावान देवांगन, जिला देवांगन समाज अध्यक्ष जेठूराम देवांगन, सह सचिव राजकुमार देवांगन, पूर्व जिला देवांगन समाज अध्यक्ष मनहरण देवांगन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए शहर देवांगन समाज के अध्यक्ष दयावान देवांगन ने बताया कि डॉ. रमन सिंह के मुख्य आतिथ्य में देवांगन समाज द्वारा 18 फरवरी दिन रविवार को गौरव पथ स्थित पद्मश्री आडिटोरियम में सुबह 9:00 बजे से मां परमेश्वरी महोत्सव जयंती एवं विशाल परिचय सम्मेलन व निःशुल्क विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन में देवांगन समाज के लोगों को झारा-झारा नेवता देते हुए उन्होंने अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## अक्षत कलश यात्रा.....



**राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव की सनातन धर्म सेवा परिवार महिला मंडल द्वारा श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर अक्षत कलश यात्रा निकाली गई जो एकता गुप्ता रामाधीन मार्ग के निवास से भरकापारा लक्ष्मी सोनी के निवास समाप्त हुई।**

# आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए 20 जनवरी को महाअभियान

**योजनांतर्गत छूटे हुए सभी पात्र हितग्राहियों का बनाया जाएगा शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत छूटे हुए समस्त पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए जिले में शनिवार 20 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक एक दिवसीय महाअभियान चलाया जाएगा। महाअभियान अंतर्गत सभी शासकीय स्कूलों में स्कूल शिक्षकों, ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिव व रोजगार सहायकों, आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं द्वारा तथा सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा रोस्टर अनुसार एवं समस्त च्वाईस सेंटरों में सीएससी-वीएलई द्वारा छूटे हुए सभी पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत राजनांदगांव जिले में कुल 9 लाख 37 हजार 958 पात्र राशन कार्डधारी हितग्राहियों में से 8 लाख 10 हजार 709 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीयन किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 86.43 प्रतिशत है। आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु शेष पात्र हितग्राहियों की जानकारी सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के पास उपलब्ध है।

# क्रिकेट सुविधाओं हेतु जिलाधीश का स्टेडियम निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के आग्रह पर जिलाधिकारी संजय अग्रवाल ने आज दिग्विजय स्टेडियम का निरीक्षण किया। जिलाधीश महोदय ने दिग्विजय स्टेडियम में बड़ी राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं हेतु संगठन के सदस्यों के साथ सुविधाओं की कमी को दूर करने के लिए किए जाने वाले कार्यों का अवलोकन किया।

जिलाधीश संजय अग्रवाल ने स्टेडियम में चल रहे क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का भी अवलोकन किया। श्री अग्रवाल ने बच्चों के साथ चर्चा करते हुए उन्हें मार्गदर्शन दिया एवं उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी एवं योगेश बागड़ी ने जिलाधीश का ध्यान इस और आकर्षित किया की मैदान के आउटफील्ड को अगर पूरी तरह ठीक कर लिया जाए तो इस मैदान में रणजी ट्राफी सहित बीसीसीआई के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मैच हो सकते हैं।

जिलाधिकारी संजय अग्रवाल ने जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्यों को आश्वस्त किया कि बहुत ही जल्द मैदान एवं अन्य सुविधाओ को राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं हेतु तैयार किया जाएगा। जिलाधीश श्री अग्रवाल ने राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं हेतु तैयार किये गये विकटों का भी निरीक्षण किया। श्री अग्रवाल ने संगठन के सदस्यों को आश्वस्त किया कि समय-समय पर स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए स्टेडियम में बहुत ही जल्द बड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता करवाने हेतु स्टेडियम को पूरी तरह तैयार कर लेंवेगे।

निरीक्षण के दौरान स्टेडियम मैनेजर रणविजय प्रताप सिंह, संगठन के उपाध्यक्ष घनश्याम लाल, अजय पांडे, भरत काथरानी एवं वरिष्ठ सदस्य सुधीर शेंडे, अशोक डागा, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, विनोद चौरडिया, जीवन प्रकाश गौतम, अजय तिवारी, फिरोज अंसारी, सोनू जसमल, ऋषभ बाफना, रोहित पारख एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसियेशन के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 51 हजार रु. जुर्माना



राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। शहर में यातायात पुलिस ने शुक्रवार को विभिन्न स्थानों में पाइंट लगाकर बिना हेलमेट लगाए दुपहिया वाहन चालकों के 81 प्रकरण, तीन सवारी के 15 प्रकरण, अन्य मो.व्ही. एक्ट के तहत 20 प्रकरण कुल 116 वाहन चालकों पर एम.व्ही एक्ट कार्यवाही कर 51,100/- रूपये जुर्माना वसूल किया गया। वहीं एक प्रकरण में शराब पीकर वाहन चालक के विरूध्द कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया।

बता दें कि राहुल भगत पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक, यातायात हेमप्रकाश नायक एवं यातायात टीम द्वारा बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, जिसमें बिना हेलमेट में 81 प्रकरणों में 40500/- रूपये, तीन सवारी 15 प्रकरण में 4500/- रूपये एवं अन्य धाराओं में 20 प्रकरणों में 6100/- रूपये कुल 116 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर कुल 51100/- रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। वहीं एक प्रकरण में शराबपी कर वाहन चालक के खिलाफ कार्यवाही किया गया। पुलिस द्वारा बताया गया कि बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों पर कार्यवाही लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें एवं दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें एवं सुरक्षित रहें।







छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन

16वॉं प्रांतीय अधिवेशन
13 जनवरी 2024, शनिवार, सुबह 11 बजे से
मुख्य अतिथि - श्री बृजमोहन जी अग्रवाल, मंत्री छ.ग. शासन
अध्यक्षता - श्री प्रदीप जी मित्तल, राष्ट्रीय चेयरमेन
विशिष्टि अतिथि- श्री सियाराम जी अग्रवाल,राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष
श्री गौरीशंकर जी अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
श्री अमर जी अग्रवाल, विधायक
श्री राजेश जी अग्रवाल, विधायक
श्री जयसिंह जी अग्रवाल, पूर्व मंत्री

युवा सम्मेलन- सायं 5:30 बजे से
मुख्य अतिथि - श्री ओ.पी. चौधरी, वित्त मंत्री, छ.ग.
विशिष्ट अतिथि - श्री गजेन्द्र यादव, विधायक, दुर्ग
- श्री ललित चन्द्राकर, विधायक, दुर्ग
श्री रिकेश सेन, विधायक, वैशाली नगर

महिला सम्मेलन- सायं 6:30 बजे से
मुख्य अतिथि - सुश्री सरोज पाण्डे, सांसद, राज्य सभा
विशिष्ट अतिथि - श्रीमती हेमा देशमुख, महापौर
- सुश्री जया मिश्रा, कोरबा

अष्टम अग्र अलंकरण समारोह
14 जनवरी 2024, रविवार,सुबह 11 बजे से
मुख्य अतिथि - डॉ. रमन सिंह जी,अध्यक्ष, विधानसभा छत्तीसगढ़
अध्यक्षता - श्री प्रदीप जी मित्तल, चेयरमेन राष्ट्रीय अग्रवाल संगठन
विशिष्ट अतिथि- श्री सियाराम जी अग्रवाल, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष
श्री संतोष जी पाण्डे, सांसद, लोकसभा राजनांदगाँव
श्री विजय जी बघेल, सांसद, लोकसभा दुर्ग
श्री संपत जी अग्रवाल, विधायक, बसना

स्थान - अनंत पैलेस, पारींनाला बायपास रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)

जयदेव सिंघल - प्रांतीय संरक्षक
महेन्द्र सेक्सरिया - प्रांतीय संरक्षक
नेतराम अग्रवाल - प्रांतीय अध्यक्ष
डॉ.अशोक अग्रवाल - प्रांतीय चेयरमेन
मनोज अग्रवाल - प्रांतीय महामंत्री
अशोक मोदी - कार्यकारी अध्यक्ष
राजेन्द्र अग्रवाल (राजू) - कार्यकारी अध्यक्ष
विनोद लोहिया - मुख्य प्रायोजक
गंगा अग्रवाल - अध्यक्ष महिला संगठन
आशीष सेक्सरिया - अध्यक्ष युवा संगठन
डॉ. अनिता अग्रवाल - संयोजिका अग्र अलंकरण
संतोष अग्रवाल - अध्यक्ष अग्रवाल सभा

-आतिथ्य-
अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला मंडल, अग्रवाल नवयुवक मंडल, अग्रवाल युवा सम्मेलन
राजनांदगांव

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com